तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 30 जून, 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 कांग्रेस ने सर्वाधिक संविधान तोड़ने का किया कामः साहू





12 विधायक ललित ने किया पौधरोपण लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प







न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.cgstate.gov.in

बी.एम. आई.टी.आई.

▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन

▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर

▸ डीजल मैकेनिक

▸ फायर टेक्नालॉजी

▸ स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

9303893829, 9300850065

अंतिम तिथि-03/07/24


### निजी स्कूलों में सरकारी कोटे से दाखिले के लिए रसूखदारों का नया कारनामा

# आरटीई में दाखिला के लिए बना फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड,140 बच्चों के एडमिशन होंगे निरस्त

देवीलाल साहू ▸▸| भिलाई

निःशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार आरटीई में दाखिले के लिए एक और नया कारनामा किया गया है। रसूखदारों ने अपने बच्चों को सरकारी कोटे से निजी स्कूलों में प्रवेश करवाने के लिए फर्जी राशनकार्ड ही बना लिया। पालकों द्वारा प्रस्तुत संदिग्ध राशनकार्डों की शिकायत के बाद जांच जिला खाद्य विभाग कर रहा है तो उनका सरकारी रिकार्ड ही अभिलेख में नहीं मिल रहा। दुर्बल वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर संदिग्ध अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर प्रवेश ही नहीं दिया जा सकता। इधर 140 बच्चों के पालकों ने दाखिले के लिए पोर्टल में अपने पते बदल-बदलकर भर दिए। इन बच्चों का दाखिला निरस्त करने की कार्रवाई होगी।

## इन प्रकरणों से समझिए राशनकार्ड कैसे हैं फर्जी

**केस 1**

### इन राशनकार्डों का सर्टिफिट ही उपलब्ध नहीं

दाखिले के लिए प्रस्तुत चार अंत्योदय राशनकार्ड ऐसे हैं जिनका जिला खाद्य विभाग में अंत्योदय परिवार का प्रमाण पत्र अभिलेख में उपलब्ध नहीं है। ये राशनकार्ड क्रमांक 223783020780, राशनकार्ड क्रमांक 223780201035, राशनकार्ड क्रमांक 223784961980 और राशनकार्ड क्रमांक 223787582478 हैं।

**केस 2**

### असंगठित श्रमकार का उपयोग

अंत्योदय राशनकार्ड क्रमांक 223788608805 का उपयोग आरटीई में दाखिले के लिए किया गया। राशनकार्ड संदिग्ध श्रेणी में इसलिए है कि यह राशनकार्ड खाद्य विभाग के पोर्टल में असंगठित श्रमकार सामाजिक सुरक्षा श्रेणी में प्रदान किया गया है।

**केस 3**

### सीएम सहायता योजना का कार्ड

अंत्योदय राशनकार्ड क्रमांक 223783274374 का उपयोग आरटीई में दाखिले के लिए हुआ है। यह राशनकार्ड संदिग्ध श्रेणी में हैं। इसलिए कि यह कार्ड खाद्य विभाग क पोर्टल में मुख्यमंत्री खाद्यान सहायता योजना की श्रेणी में प्रदान किया गया है।

नोट- छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 15 के अनुसार किसी व्यक्ति को अंत्योदय परिवार का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही जिला खाद्य विभाग द्वारा अंत्योदय राशनकार्ड बनाया जाता है। इन प्रकरणों में राशनकार्ड तो बन गए हैं लेकिन उनका खाद्य विभाग के पास अभिलेख में सरकारी रिकार्ड ही नहीं है। ये उहारहण मात्र हैं। जांच होने से सैकड़ों प्रकरण ऐसे उजागर होंगे।

### इन निजी स्कूलों में प्रवेशित बच्चों की जांच होगी

आरटीई के तहत वर्ष 2023-24 में अंत्योदय राशनकार्ड के जरिए दाखिला देने की शिकायत की गई थी। इस शिकायत की जांच के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर ने दिए थे। आदेश क्रमांक विद्या/ सी/577।। आरटीई/ शिकायत/ 2023-24/201 दिनांक 13 मार्च 24 है। आदेश में डीपीएस भिलाई, केपीएस स्कूल नेहरूनगर और राधना पब्लिक स्कूल में प्रवेशित बच्चों के संदिग्ध अंत्योदय राशनकार्ड की जांच होनी थी। आदेश के बाद शिक्षा विभाग ने जांच ही नहीं करवाई। मामला यूं ही दब गया और वास्तविक हकदार गरीब बच्चों की सीटों पर दूसरे बच्चों को बांट दी।

### छग सरकार ने ये बनाए हैं नियम

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रशासनिक आदेश क्रमांक एफ-13-47/1021/20-3 दिनांक 8 फरवरी 201 के माध्यम से अंत्योदय परिवार के बालको दुर्बल वर्ग में शामिल किया गया। निजी स्कूलों में प्रवेश की पात्रता दी दी गई। शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 में निजी स्कूलों में आरक्षित सीटों में अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राजपत्र में प्रकाशित छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम 2017 के कंडिका 6 के अनुसार राशनकार्ड की उपयोगिता , राशनकार्ड का उपभोक्ता दरों की पात्रता और राशन की मात्रा के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जा सकता।

### 140 बच्चों के पते ही मिले फर्जी

आरटीई में दाखिले के लिए वर्ष 2024-25 में 140 बच्चों ने अपने घर के पते बदलकर आवेदन किए। इन बच्चों चयन भी राज्य से कर दिया गया। हरिभूमि ने इस फर्जीवाड़ा को उजागर किया। खबर पर संज्ञान लेते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने विभागीय अधिकारियों से जांच करवाई। जांच में 140 बच्चों के पते फर्जी निकले। एडमिशन के लिए अपना पता बदलकर आवेदन किया था और उनका चयन भी हो गया था।

### चयन होंगे निरस्त

आरटीई में एडमिशन के लिए 140 बच्चों के आवेदन पते बदलकर किए गए थे। जांच रिपोर्ट हमने कलेक्टर को सौंप दी है। ऐसे बच्चों का चयन व दाखिला निरस्तीकरण की कार्रवाई कलेक्टर द्वारा की जाएगी।

- **अरविंद मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

## खबर संक्षेप

### सुधांशु महाराज आज ग्राम परसदा में



**भिलाई।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर विश्व जागृति मिशन के संत सुधांशु महाराज दुर्ग जिले के ग्राम परसदा कुम्हारी में रविवार सुबह 8:30 बजे गुरु दर्शन, चरण पादुका पूजन, एवं आशीर्वचन कार्यक्रम में शामिल होंगे । सुबह 11 बजे से गुरु दीक्षा दिलाई जाएगी जहां बड़ी संख्या में लोग गुरु दीक्षा लेंगे विश्व जागृति मिशन छत्तीसगढ़ मंडल ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित हो गुरु दर्शन का लाभ लेने कपिल की है।

### आगजनी, मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** आगजनी और मारपीट;करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 436, 327, 294, 506 बी, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पावर हाऊस में आगजनी की घटना,जेपी नगर कैम्प 2 में मारपीट कर अंगुली कांटने, नंदनी रोड पैसा का डिमांड कर मारपीट करने का मामला सामने आया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम लगाई गई थी। छावनी थाना प्रभारी छावनी चेतन सिंह चन्द्राकर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बैकुण्ठधाम, पावर हाऊस में राँकी लांजेवार को संदेही के तौर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि आपसी विवाद होने से घर मे आग लगाना स्वीकार किया। बैकुंठधाम कैम्प 2 बच्चू सिंह पैसे की लेनदेन की बात पर मारपीट कर अंगुली व नाखुन को दाँत से कांट देना बताया है। स्वीपर मोहल्ले एन. सोनू शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर पीड़ित से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देना स्वीकार किया।

# महादेव सटोरिया पुलिस को देख हैदराबाद के होटल से कूदा, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- एसीसीयू की टीम पहुची थी दबिश देने
- सुपेला पुलिस को मिला था क्लू
- सभी सटोरिया भिलाई के रहने वाले

महादेव सट्टा को लेकर एसीसीयू को बड़ा सुराग हाथ लगने पर पुलिस की टीम तेलांगाना रवाना हुई थी। इससे पहले सुपेला पुलिस ने शुक्रवार की रात सट्टे से जुड़े युवको को भिलाई से पकड़ा था। इनके पास से पुलिस को क्लू मिला और सटोरियों को पकड़ने टीम को अवगत कराया गया था। एसीसीयू की टीम महादेव सटोरियों को ट्रांजिट रिमाण्ड पर भिलाई लेकर आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप का पैनल पकड़ने भिलाई सायबर सेल की टीम तेलंगाना हैदराबाद पहुंची थी। जहां एक होटल में सटोरियों को पकड़ने के लिए दबिश देने पहुची।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को देख कैंप 1 निवासी सुजीत साव 6 मंजिल से नीचे छलांग लगा दिया। घटना में उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस कर्मियों ने उसे उपचार के लिए हैदारबाद के अस्पताल में दाखिल कराने की खबर है। पुलिस ने महादेव सट्टे से जुड़े आरोपी वैशाली नगर कैंप 1 निवासी बी चंदू पिता गणेश चंदू , जामुल अभिषेक पिता उत्तम वर्मा, कैंप 1 प्रगति नगर हिमांशु पिता विनोद चौहान, कैंप 1 उदय पिता संतोष, आदित्य पांडेय पिता कन्हैया पांडेय, मणी, सुजीत साव पिता प्रमोद साव और एक अपचारी बालक को पकड़ा है।

### पुलिस टीम को लेकर थी यह भी चर्चा...

एसीसीयू की टीम पहले से ही ठगी, अपहरण मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए हैदराबाद गई हुई थी। इस दौरान सुपेला पुलिस ने शुक्रवार की शाम महादेव से जुड़े लोगों का सुराग मिला था। जिसकी जानकारी हैदराबाद गई टीम को दी गई। टीम ने एक होटल में दबिश दिया जहां से पुलिस को देख सटोरियो कूद गया। जिसके बाद भिलाई की एसीसीयू टीम को हैदराबाद पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। जिसमें पुलिस कर्मी राजेश चौधरी, राजीव रंजन,भावेश पटेल समेत चार शामिल है। यह जानकारी पूरी तरह से सही या फिर गलत है। टीम के भिलाई पहुचने के बाद ही असली जानकारी मिल पाएगी। लेकिन दिन भर शहर भर में यही चर्चा चलती रही कि पुलिस कर्मियों को हिरासत में लेकर छोड़ा गया है। लेकिन पुलिस अधिकारियों ने इस खबर का खंडन करते हुए गलत बताया है।

### लाया जा रहा है सटोरियो को

टीम पहले से ठगी, अपहरण मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए हैदराबाद गई हुई थी। ऑनलाइन सट्टे से जुड़े मामले की जानकारी मिलने पर टीम ने दबिश दिया। जहां से सटोरियों को भिलाई लाया जा रहा है। टीम के पहुचने के बाद ही बड़ा खुलासा किया जाएगा।

- **रिचा मिश्रा** एएसपी क्राइम






### पूरे दिन छाए रहे बादल...

# बारिश ऐसी कि सड़क तक नहीं भींगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शनिवार को पूरे दिन बदली छाई रही। ऐसा लग रहा था कि मानसूनी बारिश होगी लेकिन केवल इंतजार तक ही रह गया। ट्विनसिटी के अलग-अलग हिस्से में बारिश जरूर हुई लेकिन ऐसी कि सड़क तक नहीं भींगी। धूप नहीं निकलने की वजह से तापमान में जरूर गिरावट आई और लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। इधर मौसम विभाग ने रविवार को भारी बारिश की चेतावनी दी है। बारिश की स्थिति अगले चार दिनों तक रह सकती है।



### ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय उड़ीसा, गंगेटिक पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर स्थित है। इसके साथ ही हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे बिहार के उपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है । एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है ।

### आज से होनी है अच्छी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक 30 जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक. दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने,वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ रहने की संभावना है ।

### अधिकतम तापमान इस तरह गिरावट

शनिवार को भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। बुधवार को तापमान 36 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा है। बारिश होती है तो तापमान में और गिरावट आएगी।

खबर संक्षेप

## केदार बने समाज के मंत्री



**सेलूद।** पाटन राज मनवा कुर्मी समाज के कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को राज्य प्रधान युगल किशोर आडिल ने किया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण पद राज्य मंत्री की जिम्मेदारी समाज के वरिष्ठ केदार कश्यप को दिया गया। केदार लगातार पाटन राज मनवा कुर्मी समाज से जुड़े हुए हैं। इससे पहले केदार कश्यप समाज के कार्यालय प्रभारी, सचिव, कोषाध्यक्ष, सहायक निर्वाचन अधिकारी का कार्य संभाल चुके है।

## प्रवेशोत्सव में बच्चों को मिला गणवेश



**अंडा।** संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला झोला के परिसर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी झोला गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन, जनपद सदस्य हेम कुमारी देशमुख, विशेष अतिथि सरपंच तिरगा घसिया राम देशमुख, भोथली सरपंच सुरेश कुमार साहू, सरपंच झोला धीरपाल देशलहरे, संकुल प्राचार्य पी. रामटेके द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना से हुआ। कक्षा पहली, छटवीं व नवमीं के नवप्रवेशी का स्वागत अतिथियों द्वारा तिलक आरती व मिठाई खिलाकर किया गया। बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तक तथा गणवेश का वितरण किया गया। अतिथि बेलचंदन ने कहा कि बच्चों को नियमित शाला में उपस्थित होकर अध्ययन करने प्रेरित किया। पालक, शिक्षक व विद्यार्थी आपस में समन्वय कर अच्छा शैक्षिक वातावरण का निर्माण कर बच्चों का सर्वांगीण विकास में भूमिका निभाये। सभी जनप्रतिनिधि भी सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक शाला तिरगा, झोला व भोथली के प्रधान पाठक गण, संकुल समन्वयक तिरगा संजय चंद्राकर, युवराज सिंह बेलचंदन उपस्थिति रही।

## रनचिरई को हराकर आमटी बना विजेता

**अंडा।** ग्राम आमटी में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सात जिले की लगभग 64 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बालोद की रनचिरई एवं दूसरी टीम दुर्ग जिले से जुरासिक क्रिकेट क्लब ग्राम आमटी के बीच फाइनल का रोमांचक मैच खेला गया। दोनों टीमों का मैच काफी रोमांचक था। जिसमें टीम ग्राम आमटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को 6 ओवर में मात्र 33 रनों का पर ऑल आउट हो गई। जिसका पीछा करने उतरी ग्राम आमटी ने महज 4 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य को पार कर आसानी से यह मैच 9 विकेट से फ़ाइनल मैच जीत लिया।

### समस्या : फसलों व घरों को तबाह कर रहे हैं जानवर

# बंदर, बरहा व आवारा पशुओं से किसान परेशान, सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

आधुनिक युग आ गया है, किसान, नौकरीपेशा, राजनेता व ग्रामीण सभी का विकास तेजी से हो रहा है, और इसी विकास को तेजी से समेटे आगे बढ़ रहे है लेकिन आने वाला भविष्य क्या कहता है इस बात से सभी अनजान है या जान बूझकर चुप बैठे हुए है कि हमें क्या करना है। यह हमारी चिंता नहीं है, एक समय ऐसा भी आएगा कि लोगों के पास रुपये तो बहुत होंगे लेकिन खाने के लिए आधी से अधिक आबादी के पास अनाज के दाने नहीं मिलेंगे। राष्ट्रीय आकड़े यह कहते है कि प्रतिवर्ष कृषि का रकबा घट रहा है। और इन रकबो पर विकास के कार्य हो रहे है। जनसंख्या बढ़ रहा है, इसलिए वह दिन दूर नहीं जब हम भौतिक संसाधनों का समुचित विकास करेंगे लेकिन कृषि उत्पादों के मामले में गरीब हो जायेंगे। वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार को इस ओर ध्यान देकर वास्तविक धरातल में लागु करना चाहिए, ताकि किसानों को सहुलियत मिले। सरकार किसान के धान को समर्थन मूल्य व बोनस के रुप अतिरिक्त दाम देकर 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन किसान इन दिक्कतों से सरकार के साथ ग्रामीण किसान मिलकर इस पर कार्य करने की जरुरत है।



### बंदर और बरहा से परेशान

किसान जो अपनी बाड़ी में घर खाने के लिए पहले सब्जी, भाजी लगाकर सब्जी का खर्च बचा लेते थे लेकिन अब बाड़ी में लगाये सब्जी को बंदर और बरहा पहुंच कर नुकसान पहुंच देते है। बंदरों के धमाचौकड़ी से घर के खपरैल भी टुट रहे है। गांवों में समय पूर्व बंदर, बरहा और आवारा पशुओं के प्रबंधन हो जाने से किसानों को फसल उत्पादन में सहुलियत होगी तथा खेत में जानवरों के सुरक्षा करने के लिए तार घेरा पर हजारों रुपये खर्च करने और खेत की रखवाली करने से बचा जा सकता है।

### कांजी हाउस का संचालन बंद

ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश ग्रामीण किसान है और कृषि उत्पादों में ही उनका गुजर बसर चलता है लेकिन नित नये विकास ने कृषि रकबा को कम करने का कार्य किया है जो किसान खेती कर रहे है उसके लिए खेती भी दुष्कर कार्य हो गया है । दुर्ग जिले सहित उनके सभी ब्लाकों में निवास करने वाले किसानों के लिए आवारा पशुओं के कारण फसल उत्पादन करना बहुत ही कठिन कार्य हो गया है । सैकड़ों की संख्या में आवारा जानवरों के खेतों में पहुंचने से फसल एक घंटे में चर लिए जाते है। किसान दिन में फसल की रखवाली करता है तो आवारा जानवर रात में फसल को नुकसान पहुंचा देते है ।ग्रामीण व्यवस्था चौपट होने से कांजी हौस का संचालन भी नहीं हो पाता है । जानवरों के प्रबंधन के लिए सभी गांवों में योजना बनाकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की जरुरत है।

### सड़क पर बैठे जानवर दुर्घटना का खतरा

यह आवारा जानवर जो एक गांव से दूसरे गांव छोड़ रहे है यह खेतों में चरने के बाद मक्खी, मच्छर से बचने के लिए सड़क पर बैठे रहते है। इनकी संख्या सैकड़ों में रहती है। पूरे सड़क पर इनका कब्जा रहता है आवागमन करने वालों को वाहन सड़क से नीचे उतार कर चलना पड़ता है। रात के अंधेरे में आवागमन करने वाले राहगीरों को थोड़ी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन रही है। इन जानवरों से टकराने से हाथ पैर टुट रहे है या दुर्घटना में राहगीर जान भी गंवा रहे है ।

### गांवों में ग्रामीण व्यवस्था चौपट

शासन द्वारा ग्राम सभा के अधिकारों में कटौती करने से ग्रामीण व्यवस्था चरमरा सी गई है। पहले गांव के ग्राम सभा में बनाये गये फैसले को सभी ग्रामीण मानते थे इससे गांव की व्यवस्था सुचारु रुप से चलती थी लेकिन। फैसले नहीं देने के अधिकार से अधिकार में कमी करने से ग्राम सभा अध्यक्ष कठिन फैसले लेने से हाथ खींचने लगे है। इसी का परिणाम है कि आज गांव में जानवरों की व्यवस्था बनाने वाला काम नहीं हो पा रहे है और जानवरों के द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाते है।

### आपातकाल पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# कांग्रेस ने सर्वाधिक संविधान तोड़ने का किया कामः साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भाजपा जामगांव आर मंडल स्तरीय सम्मेलन में कांग्रेस के कालेकर्मों को उजागर करने वाली आपातकाल पर विचार गोष्ठी का आयोजन शनिवार को जामगांव आर में हुआ। जिसमें मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, महामंत्री राजेश बंछोर, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, महामंत्री मेघनाथ सागरवंशी, प्रेमीन साहू, मजुलता अंगारे, दानीराम वर्मा मंचासीन थे। मां के नाम एक पेड़ लगाए मंडल की ओर से आव्हान किया गया।

मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि संविधान की धज्जियां उड़ाकर देश में आपात काल लगाने वाली कांग्रेस आज संविधान की रक्षा करने की बाते करके लोगों को आपातकाल की याद दिला रही है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक संविधान को तोड़ने मरोड़ने का काम कांग्रेस के लंबे शासन काल में हुआ है सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने वाली अनेक कानून कांग्रेस ने बनाए। अब जब भाजपा संविधान की रक्षा के लिए कदम उठा रही है तो कांग्रेस तिलमिलाने लगी है। अनर्गल बातें बनाकर भ्रम फैला कर जनता से हमेशा की तरह हमदर्दी बटोरना चाह रही है, जो नाकाम रही। देश ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर प्रधानमंत्री बनाया है। साहू ने कहा कि कांग्रेस की आपातकालीन आफत से देश बड़ा मुश्किल से निकला है। विपक्षी जेल में नजर आते थे। आज विपक्षी अनर्गल प्रलाप करके भी खुली हवा में सांस ले रहे। संविधान भाजपा के हाथों सुरक्षित।

### कांग्रेस को जनता देख चुकी है स्मरण रखे

भाजपा युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि देश पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आतंक को भी देखा है। अब देशभक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश प्रेम और विकास को भी देख रही है। कांग्रेस ठंडे दिमाग से स्मरण करे और जिन्होंने ठंडे दिमाग से स्मरण किया वो कांग्रेस छोड़कर आगे बढ़ गए। अनर्गल चिल्लाने से कांग्रेस का भला होने वाला नहीं है। विपक्ष देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाए जो अवसर बमुश्किल मिला है उसे नही गंवाए। जनता का विश्वास अर्जित करे।और समझ नहीं आए तो अपनी अतीत को ठीक से अध्ययन करें।

### एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील

मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने आम जनता से आव्हान किया कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं।गर्मी से राहत पाना है खेतो के लिए अच्छी वर्षा चाहिए प्रचुर मात्रा में आक्सीजन पाना है तो पर्यावरण के लिए सबको कदम बढ़ाना होगा एक पेड़ मां के नाम लगाना होगा। इस अवसर पर पूर्णेंद सिन्हा, मनीष चंद्राकर, मुकेश साहू, शैलेंद्र साहू, मनीष जैन, द्रोण चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, केशव साहू, दानिराम वर्मा, रामसिह बसोर, मुरली वैष्णव, आदेश यादव, रोमल साहू आदि मौजूद थे।

# विधायक ललित ने किया पौधारोपण लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत की



भारतीय जनता पार्टी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अण्डा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पौधा रोपा।

गांधीभाठा में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। चंद्राकर ने गुलमोहर वृक्ष का रोपण किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, तिलक चंद्राकर, लुकेश देवांगन, राकेश चंद्राकर, अजय चौहान, भानपुरी सरपंच विजय यादव, जितेंद्र सिन्हा, राज हाड़िया, कमलजीत, अरुण देशमुख, चूम्मन साहू एवम ग्रामवासियों ने भी वृक्षा रोपण किया। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की है। मोदी ने दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का पेड़ लगाया।

उन्होंने सभी से हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का भी आग्रह किया है। बताया कि पिछले दशक में भारत ने कई सामूहिक प्रयास किए हैं, जिसके कारण पूरे देश में वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। आगे विधायक ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक नई और प्रेरणादायक पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत लोग अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाते हैं, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है बल्की माता के प्रति सम्मान और प्रेम प्रगट करने का एक सुन्दर तरीका भी है इसी के तहत आज ग्राम अण्डा में सभी ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से पेड़ लगाया गया है। इस अवसर पर सहकारी सोसाइटी एवं थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों और आम जनता से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही राशन कार्ड लाभार्थी सीता, रुखमणि ठाकुर, किरण ठाकुर व मीनाक्षी चंद्राकर को राशन वितरण किया।

## विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गृहमंत्री को



**भिलाई।** दुर्ग शहर के विकास, अपराधिक घटनाओं में रोक लगाने, पुलिस प्रशासन को दुरुस्त करने, किसानों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराने, दुर्ग गंजमंडी के समय में परिवर्तन की मांग करते हुए दुर्ग जिला भाजपा मंत्री आशीष निमजे एवं भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग जिला मीडिया प्रभारी भास्कर तिवारी शनिवार को उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा और केबिनेट मंत्री केदार कश्यप से भेंटकर अवगत कराया। गृहमंत्री ने आश्वासन दिया।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को कराया भोज

**उतई।** खोपली संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव व न्यौता भोज का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला खोपली में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खोपली सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा थी। अध्यक्षता घुघसीडीह सरपंच गोवर्धन बारले ने की। विशेष अतिथि पूर्व सरपंच फत्तेलाल वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष दिनेश देशलहरे, शिक्षाविद बाबूलाल सपहा, संकुल समन्वयक उमरपोटी विजय शंकर डहरिया, प्राचार्य श्रीमती वीणा दुबे थी। संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कक्षा पहली, छटवीं व नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया।




Skill India
Industrial Training Institute
PMKVY प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना
N·S·D·C National Skill Development Corporation Transforming the skill landscape

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत निःशुक्ल प्रशिक्षण

100% निःशुल्क प्रशिक्षण

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के द्वारा सर्टिफिकेट व शासकीय व अशासकीय नौकरी में प्राथमिकता

| क्र. | कोर्स | योग्यता | आयु | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Assistant Electrician | 10th | 18-34 | 4 माह |
| 2. | Mobile Phone Hardware Repair Technician | 10th | 18-34 | 4 माह |

उपरोक्त कोर्स के साथ पाएं निःशुल्क
ADVANCED BASIC COMPUTER COURSE

Documents Required दो फोटो, 10वीं/12वीं अंकसूची तथा आधार कार्ड की कॉपी

पी.एम.के.वी.आइ कोर्स करने के फायदे
1. भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निःशुल्क कोर्स।
2. सरकारी एवं गैर सरकारी नौकरी के लिए भारत सरकार द्वारा मान्य प्रमाण पत्र।
3. रोजगार मेले के माध्यम से प्रमाण पत्र वालों को रोजगार प्राथमिकता।
4. स्वरोजगार हेतु मुद्रा लोन में प्राथमिकता (बिना गारंटर का लोन)।

ट्रेनिंग हेतु संपर्क करें
अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
कुरुद रोड कोहका, भिलाई • मो. नं. 89595-44444, 8959593949


### 50 से ज्यादा मंचों पर दे चुकी हैं प्रस्तुति

# तीजन बाई की पंडवानी गायिकी देख सोनम ने तंबूरा पकड़ा, आज गांव-गांव में पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

कहते है कि व्यक्ति जिस उद्देश्य के लिए धरती पर आया है। उसकी ओर वह स्वतः आकर्षित हो जाता है। ग्रेज्युएट की पढ़ाई कर अपने गांव भोथली के प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों को शिक्षादान कर कई सामाजिक सेवा कार्य में लगे रहती है। खरखरा और तांदुला नदी के मुहाने पर बसा एक छोटा सा गांव ग्राम भोथली है। जहां की बेटियां अपने गांव का नाम रोशन कर रही हैं। कुछ दिन पहले इसी गांव के किसान की बेटी कुमोदिनी साहू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। वही इस गांव की उभरती हुई कलाकार सोनम साहू को पंडवानी गायन में पहचान मिल रही है।




### तीजन बाई का वीडियो देखकर पंडवानी गानी शुरू किया

दुर्ग के ग्राम भोथली में 23 वर्ष की सोनम साहू ने पंडवानी गायिका पद्मश्री तीजन बाई के वीडियो देखकर पंडवानी गाना शुरू किया। सोनम इतनी प्रभावित हुई कि वह अब मंचों पर अपने स्वरकंठ से संगीतमय पंडवानी गाती है। सोनम का महाभारत बांके बिहारीलाल जय घोश के साथ कथा प्रंसग में मोरपंख से सुसज्जित तंबूरा कभी भीम का गदा तो कभी गांडिवधारी अर्जुन का धनुष बन जाता है। पंडवानी के माध्यम से यह बताने का भी प्रयास किया जाता है कि जीवन की उथल पुथल भी मार्गो पर चलने की शिक्षा देती है। पांडवों और कौरवों की कथा से गीता का रस तंबूरे से झलकता है। सोनम साहू ने कहा कि पंडवानी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और प्राचीन धरोहर है, जिसे हम सभी को मिलकर संजोकर रखना होगा। सोनम अब तक 50 मंचों पर प्रस्तुति दे चुकी है। वहीं गणेश पक्ष में महाराष्ट्र में प्रस्तुति देने जाएंगी। ग्राम के दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू ने बताया कि सोनम की पंडवानी से उसकी पहचान बन रही है।

गोलीकांड के फरार आरोपी की मां, बहन और जीजा के खिलाफ आर्म्स एक्ट

# फरार आरोपी अमित के मकान से मिले हथियार के साथ आपत्तिजनक सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गोलीकांड का फरार आरोपी अमित जोश के अवैध कब्जों को ढहाते समय आरोपी की मां बिज्जी मोरिस के घर का सामान हटाते समय 2 नग 8 एमएम का खाली कारतूस और 4 नग जिंदा कारतूस जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बिज्जी मोरिस से पूछताछ करने पर बताई कि उसका बेटा अमित जोस जेल से छूटकर आने के बाद दोनों खाली कारतूस, 4 जिंदा कारतूस छिपाकर रखने के लिये देना स्वीकार किया। आरोपिया बिज्जी मोरिस के कब्जे से कारतूस को खाली खोखा,जिंदा कारतूस बरामद किया। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-26 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। इसके अलावा बिज्जी मोरिस के कब्जे से अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी पुलिस ने बरामद हुई है। आरोपी अमित जोस की बहन प्रियंका जार्ज और जीजा बी लक्की जार्ज के व्दारा सेक्टर-5 स्थित बीएसपी के शासकीय आवास को अवैध कब्जा कर अनाधिकृत रूप से रहते थे। जिसे बीएसपी ने अतिक्रमण मुक्त किया। इस दौरान बी. लक्की जार्ज के कब्जे से एक पिस्टल 2 मैगजीन, 5 जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी बी लक्की जार्ज से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उसका साला अमित जोस अपने दोस्त यशवंत नायडू, अंकुर शर्मा, सागर बाघ उर्फ डॉगी के साथ उसके घर में शराब पीकर रात 12.30 बजे बाइक में घूमने निकले थे। वापस आकर आरोपी अमित जोस ने प्रियंका जार्ज को ग्लोब चौक के आगे दो युवकों को गोली मारना स्वीकार किया। घटना में उपयोग किए गए पिस्टल 2, मैगजीन, 5 नग जिंदा कारतूस को छिपाने के लिए प्रियंका जार्ज को दिया था। इस दौरान भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, टीआई राजकुमार लहरे शामिल थे।



### जीजा-बहन के यहां मिला आलमारी में हथियार

प्रियंका जार्ज ने उक्त पिस्टल, समेत अन्य हथियार को छिपाकर रखी हुई थी। उक्त हथियार घर के आलमारी में रखी हुई थी। प्रियंका जार्ज और पति बी. लक्की जार्ज के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-26 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। आरोपी बी. लक्की जार्ज, सुपेला क्षेत्र का शातिर गुण्डा बदमाश है। आरोपी के खिलाफ थाना सुपेला, वैशाली नगर में 10 से अधिक अपराध दर्ज है। आरोपी बी. लक्की जार्ज एवं प्रियंका जार्ज की संलप्तिता पूरे प्रकरण में पाये जाने से पृथक से कार्यवाही की जा रही है।



### अमित को फरार कराने वालों पर भी जुर्म दर्ज

आरोपी अमित जोस के खिलाफ दर्ज प्रकरण में जांच के दौरान पाया गया कि फरारी के समय आरोपी अमित जोस को छिपाने, प्रश्रय देने, फरार कराने में मदद कर वाला भाठापारा निवासी बी. संतोष कुमार, शंकर भाट पर प्रकरण में धारा 212 के तहत जुर्म दर्ज कर भादवि सहपठित धारा 307, 34 के तहत आरोपी बनाया गया है। आरोपी आरोपी शंकर भाट को गिरफ्तार किया है।

बीएसपी : शनिवार की सुबह बोरिया गेट के पास प्रदर्शन किया गया

# अधूरे वेज रिवीजन के बीच बायोमिट्रिक के विरोध में संयुक्त यूनियन का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अधूरे वेज रिवीजन के बीच बीएसपी में बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू होने के विरोध में शनिवार को बीएमएस, इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस, एक्टू, लोइमू एवं इस्पात श्रमिक मंच ने बोरिया गेट पर सुबह 8 बजे से 9 बजे तक प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में संयंत्र कर्मचारी उपस्थित हुए।

इस दौरान सभी यूनियनों ने बीएमएस के एनजेसीएस नेता डीके पांडेय के बयान पर कड़ी आपत्ति करते हुए इसे भिलाई के मेहनतकश कर्मियों का अपमान बताया। भिलाई सहित सेल कर्मचारियों का 1 जनवरी 2017 से वेज रिवीजन लंबित है। कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स हाउस रेंट अलाउंस सहित विभिन्न मुद्दों पर अभी तक फैसला नहीं हुआ है। सेल प्रबंधन के अड़ियल रवैए के खिलाफ 29 एवं 30 जनवरी को यूनियनों ने सेल में हड़ताल करने का निर्णय लिया था। इसके लिए 24 जनवरी 2024 को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय )नई दिल्ली के समक्ष कॉन्सिलिएशन बैठक हुई, जिसमें सेल प्रबंधन ने यह वादा किया था कि कर्मचारियों के सभी मुद्दों का ढाई महीने में समाधान कर लिया जाएगा। लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी अभी तक कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर, हाउस रेंट एलाउंस, बोनस फार्मूला इत्यादि मुद्दों पर कोई फैसला नहीं हुआ है।

### यूनियनों ने कहा-पहले सुविधाएं बढ़ाएं

प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि बायोमीट्रिक से पहले वेज रिवीजन के मुद्दों का समाधान किया जाए। संयंत्र में कैंटीन, रेस्टरूम, टॉयलेट, कर्मचारियों की सेफ्टी व्यवस्था को बेहतर किया जाए। इस दौरान संयुक्त यूनियन ने बीएमएस के एनजेसीएस नेता डीके पांडे के उस बयान पर कड़ी आपत्ति की है, जिसमें उन्होंने कहा कि बायोमीट्रिक सिस्टम के विरोध का मतलब है कि हम ड्यूटी नहीं करना चाहते। संयुक्त यूनियन ने कहा कि डीके पांडे को भिलाई की कार्य संस्कृति का पता नहीं है। भिलाई के कर्मचारी बिना बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के सेल में सर्वोच्च प्रोडक्शन एवं प्रॉफिट देते आए हैं। भिलाई का कर्मचारी कामचोर नहीं हैं। संयुक्त यूनियन ने पांडेय को कड़ी चेतावनी चेतावनी देते हुए कहा कि वे आगे इस तरह भिलाई के श्रमिकों के सम्मान के खिलाफ कोई बयानबाजी ना करें।

### बीएसपी में कल से लागू करने तैयारी

सेल प्रबंधन ने मनमानी करते हुए सेल की इकाइयों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू कर दिया है। इसी कड़ी में भिलाई प्रबंधन द्वारा भी 1 जुलाई 2024 से भिलाई में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है। प्रबंधन कर्मचारियो के वर्किंग कंडीशन में बदलाव कर रहा है। इसके लिए उसने मान्यता प्राप्त यूनियन से सहमति भी लेना जरूरी नहीं समझा। जबकि संयंत्र में ऑपरेशन में रिलीविंग सिस्टम के द्वारा कार्य कराया जाता है ऑपरेटर से काम नहीं कराया जा सकता है।

## नपा अध्यक्ष जामुल ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर नगर के विकास कार्यो की चर्चा किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, एसपी सिंह बघेल से मुलाकात किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों को नगर आगमन के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में सिर्फ जामुल पालिका में ही कमल खिला था। इनका कार्यकाल तीन वर्ष हो चुका है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में जामुल का विकास तेज गति से हो रहा है। इस दौरान बिलासपुर से लोकसभा सीट को जीतने वाले केन्द्रीय तोखन साहू ने विशेष सहयोग करने का आश्वासन भी दिया है।



# नीट पेपर लीक के विरोध में दुर्ग के कांग्रेसी भी लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा मेडिकल भर्ती परीक्षा नीट पेपर लीक के विषय पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व विशाल संसद घेराव का कार्यक्रम किया। इस आयोजन में दुर्ग के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। साथ ही लामबंद होकर आगामी दिनों में दुर्ग में भी उग्र आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अय्यूब खान ने बताया कि भाजपा की देश में जहां कहीं भी सरकार है, उन सभी जगहों पर पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। नौकरी भर्ती परीक्षा हो या प्रोफेशनल कोर्सेज या




डिग्री कॉलेज की कोर्सेज की परीक्षा, अधिकांश परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आ रही है। इससे भाजपा की कार्यप्रणाली जनता के सामने आ चुकी है। देश के सबसे महत्त्वपूर्ण मेडिकल नीट परीक्षा हुई, जिसमें देशभर के 25 लाख से परीक्षार्थी जिन्होंने परीक्षा का फार्म भरा। पेपर भी दिया। बाद में परिणाम कुछ अलग आया। इसमें लगभग 67 परीक्षार्थी जो 720 अंक मे 720 अंक प्राप्त किये हैं, जो आज तक नीट के परीक्षा के इतिहास कभी नही हुआ। जिसे कोई समझ नहीं पाया। ऐसा शत प्रतिशत परिणाम कैसे आया। प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव संदीप बक्शी, युवा कांग्रेस नेता पुरषोत्तम सोनवानी, रमेश दुबे, शरद कोठारी, ब्रजेश सिंह, पप्पू यादव, दीपक तिवारी आदि शामिल हुए।



# दुर्ग में ऋण पुस्तिका का टोटा, 34 हजार की डिमांड भेजी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में समय पर ऋण पुस्तिका छपकर नही आने के बाद राजस्व से संबंधित कार्य पूरी तरह से चरमरा गया है। रजिस्ट्री के बाद जहां क्रेता और विक्रेता नए ऋण पुस्तिका के लिए पटवारियों का चक्कर लगा रहे है, वही खेती किसानी के बीच सोसायटी से खाद व बीज लेने से किसान वंचित हो रहे है। जिसे लेकर लोगों में नाराजगी सामने आ रही है।

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के राजस्व विभाग द्वारा राजनांदगांव स्थित प्रिटिंग प्रेस से छपाई कार्य कराती है। लेकिन वहां से पिछले सप्ताहभर से किसान किताब छपकर नही आ रहा है। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि, करीब 34 हजार ऋण पुस्तिका का डिमांड भेजा गया है। बताया जा रहा है कि, ऋण पुस्तिका कि किल्लत सिर्फ दुर्ग नही बल्कि प्रदेशभर में बनी हुई है। नगपुरा के पूर्व सरपंच बलराम कौशिक ने बताया कि, वे पिछले पन्द्रह दिन से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें ऋण पुस्तिका नही मिली है। जमीनों का सौदा तो हो रहा है, लेकिन ऋण पुस्तिका के अभाव में सौदा कैंसिल भी हो रही है। रजिस्ट्री कराने के बाद क्रेता पटवारी के पास नामांतरण की प्रक्रिया पूरी होते ही ऋण पुस्तिका लेने पहुंच रहे है। लेकिन उन्हें शार्टेज बताकर वापस लौटा दिया जा रहा है।

## जिले में नहीं मिल रही किसान किताब, क्रेता व विक्रेता लगा रहे चक्कर, पटवारी हाथ खड़े कर रहे

### आप पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आम आदमी पार्टी जिला दुर्ग ने दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉक्टर एसके अग्रवाल आईटीआई विंग प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में आज मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के कई जिलों में ऋण पुस्तिका उपलब्ध न होने के विषय को लेकर के ज्ञापन दिया। अध्यक्ष डॉक्टर एसके अग्रवाल ने बताया कि, पिछले कई महीनो से प्रदेश के कई जिलों में ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं है। मेहरबान सिंह ने बताया कि, किसान व्यापारी सब लोग ऋण पुस्तिका के लिए भटक रहे हैं, जिसकी शिकायत कई लोगों ने जनदर्शन में भी की है। उनका कहना हैं कि, राशन कार्ड में मुख्यमंत्री का फोटो तुरंत छाप सकता है। लेकिन ऋण पुस्तिका पिछले कई महीनो से जनता भटक रही है। इस दौरान रऊफ अंसारी, मुस्तकीन मालिक, रवि साहू, जसप्रीत सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, हरचरण सिंह, के ज्योति, पूर्णा शिवरायुडु, रामपाल, मानिकचंद, मनीष मिश्रा, सोनू यादव, जीतू निषाद आनंद नरेड़ा, घनश्याम सोनी आदि थे।



### भेजी गई डिमांड

दुर्ग जिले के लिए करीब 34 हजार ऋण पुस्तिका की डिमांड भेजी गई है। किसान किताब आते ही वितरण कर दिया जाएगा।-**आदित्य कुंजाम,** अधीक्षक भू अभिलेख शाखा दुर्ग

### राजस्व के ये कार्य हो रहे प्रभावित

ऋण पुस्तिका के बगैर लोगों को लोन नहीं मिल रहा है, लोग जमीन खरीदी-बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। ऋण पुस्तिका के बगैर माननीय न्यायालय में जमानत की कार्यों में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही खेती किसानी का सीजन होने के कारण किसान सोसायटी में क्रेसीसी कार्ड नही बना पा रहे है। केसीसी बनाने के दौरान उन्हें ऋण पुस्तिका की फोटो कापी मांगी जा रही है। जिसके चलते किसान भी परेशान है।

## खबर संक्षेप



### वाल्मीकि मखियार समाज के निलेश बने अध्यक्ष

**दुर्ग।** महर्षि सुदर्शन वाल्मीकि मखियार समाज का चुनाव हुआ। समाज के चार व्यक्ति अध्यक्ष पद के लिए तीन सचिव पद के लिए और तीन कोषाध्यक्ष अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े थे। जिसमें निलेश सांडेकर ने 129 मतो से अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया। वहीं सचिव पद में अमित बंछोर 117 और 87 मत से लालेंद्र बढ़ेल ने कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। इस संबंध में नव नियुक्त अध्यक्ष निलेश सांडेकर ने कहा कि सिद्धार्थनगर में इस समाज के चार प्रकार के लगभग 800 से 1200 लोग निवासरत हैं। समाज में विकास तथा मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह संगठन काम करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ सामाजिक बुराइयों के लिए एक अभियान चलाया जाएगा। चुनाव का संचालन समाज के अध्यक्ष रिक्की समुद्र, उपाध्यक्ष आनंद भोजपुरे, सचिव अश्वनी खांडेकर, कोषाध्यक्ष अमन मनहरे, सहसचिव किशन चवरिया तथा संगठन के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से संपन्न कराया गया।

### जिले में अब तक 93.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 1 से 28 जून तक 93.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 206.6 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 39.3 मिमी दुर्ग तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 49.4 मिमी, तहसील धमधा में 56.3 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 65.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 146.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 28 जून को तहसील दुर्ग, तहसील धमधा, तहसील अहिवारा, तहसील बोरी, तहसील भिलाई 3 प्रत्येक में 0.0 मिमी एवं तहसील पाटन में 66.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बैठक आज

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 30 जून को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट दुर्ग के सभागार में व्यय प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में लेखा समायोजन के संबंध में जिला व्यय अनुश्रण समिति की बैठक आयोजित की गई है। अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय लेखा में न्यूनोक्ति राशि के संबंध में असहमत हो तो वे उक्त तिथि, स्थान एवं समय पर उपस्थित होकर उक्त संबंध में अपना पक्ष रख सकते है।

## अनदेखी : दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में जमे ओआईसी

# सत्ता बदली पर समितियों में नहीं कराया गया चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के 311 समिति सहकारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा है। वर्ष 2020 में जिला सहकारी बैंक और वर्ष 2022 में समितियों के पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव नही कराया गया है। बहरहाल ऐसा माना जा रहा हैं कि, सत्ता बदलने के बाद जल्द ही सहकारिता चुनाव की ओर सरकार बढ सकती है।

उल्लेखनीय हैं कि, जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक का कार्यकाल वर्ष 2020 में समाप्त हो चुका है। जिसके बाद से यहां कलेक्टर (ऋचा प्रकाश चौधरी) ही प्राधिकृत अधिकारी है। इसी तरह तीनों जिले के 311 समिति में प्राधिकृत की जगह ओआईसी (स्थाई परामर्शदाता) नियुक्त किया गया है, जिसके भरोसे बैंक और समितियां संचालित हो रही है। पूर्व में कांग्रेस कार्यकाल में सहकारी सोसायटी अधिनियम कानून में बदलाव करते हुए मनोनयन के आधार पर समितियों ने चेहतों को प्राधिकृत नियुक्त कर दिया गया था। वही जिला सहकारी बैंक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेन्द्र साहू प्राधिकृत अधिकारी किए गए थे। लेकिन सत्ता बदलने के बाद निगम मंडलों और सहकारिता के प्राधिकृत किए गए जनप्रतिनिधियों को इस्तीफा देना पड गया था। चर्चा इसलिए भी हैं कि, कांग्रेस की सत्ता आने के बाद समितियों में काफी खलबली मची रही। वही अब नए सरकार को लेकर लोगों के बीच यह चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

### निगम मंडलों से इस्तीफा मांगने के बाद नहीं की है पहल

**खास बातें**

- तीनों जिले में 311 समितियों में कार्यकाल हो चुका पूरा
- बैंक में कलेक्टर प्राधिकृत अधिकारी और समितियों में बैठे ओआईसी




### इस्तीफे के बाद नहीं की गई कोई पहल

राज्य में भाजपा की सत्ता आने के कुछ ही दिन बाद प्राधिकृत किए गए कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से इस्तीफा मांगा गया था। लेकिन इसके बाद से राज्य स्तर पर चुनाव के संबंध में कोई हलचल नही दिख रही है। जानकारों की माने तो कांग्रेस के सत्ता में जिस तरह से अपने लोगों को बैंक और समितियों में प्राधिकृत किया गया था। उसी तरह से भाजपा की सरकार प्राधिकृत नियुक्त कर सकती है। लेकिन देखना होगा कि, राज्य शासन किसान की रीढ वाली समितियों में चुनाव कराएंगी या बगैर चुनाव के प्राधिकृत नियुक्त करेगी।

### खेती किसानी का दौर फैसले का इंतजार

बहरहाल इन दिनों खेती किसानी का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में इस बीच चुनाव संभव भी नही है। ऐसे में राज्य शासन सहकारी समितियो में चुनाव कराने के लिए धान खरीदी के बाद ही फैसला ली सकती है। बहरहाल सहकारी समितियों से जुडे सिर्फ चुनाव ही नही बल्कि पूर्व में व्यापम द्वारा ली गई परीक्षा के बाद बेरोजगारों की भर्ती भी नही हुई है। हांलाकि यह फैसला राज्य शासन द्वारा लिया जाएगा। लेकिन हजारों बेरोजगार भर्ती के इंतजार में है।

### किसानों की सुनवाई अफसर करेंगे

बहरहाल अभी खेती किसानी का सीजन शुरू हो गया है। सोसायटी समितियों में खाद की विकट समस्या बनी हुई है। समितियों में अगर प्राधिकृत अधिकारी होने से किसानों की समस्या का निराकरण की पहल होती है। लेकिन अभी समितियों में सहकारी संस्थाएं के कर्मचारी ओआईसी बने हुए है और किसानों को अपनी समस्या अफसरों को बतानी पड रही है।

# केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ाई कर रहे बच्चे के ऊपर गिरा पंखा, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में शनिवार की सुबह करीब दस बजे उस समय हडकंप मच गया जब पढाई कर रहे नवमी के छात्र शशांक सोनी के उपर चलता पंखा छत से गिर गया। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधको के बीच हडकंप मच गई। ऐसी सूचना है कि, घायल छात्र को अस्पताल भर्ती कराया गया। लेकिन स्कूल प्राचार्य का कहना हैं कि, बच्चा सिर्फ घायल हुआ है, जिसे परिजन घर लेकर चले गए है।

- सुबह की घटना, दोपहर तक अनजान बने रहे उच्च अधिकारी




जानकारी अनुसार जेल रोड स्थित केन्द्रिय विद्यालय में सुबह दस बजे छत के उपर लगी सिलिंग फेन अचानक टूटकर बच्चे के उपर गिर गया। इस मामले को छुपाने स्कूल प्रबंधक दिनभर जूटा रहा और मीडिया से चर्चा करने में बचते नजर आए। प्राचार्य उमा शंकर मिश्र ने बताया कि, पंखा गिरने की घटना हुई है। घटना के बाद हल्की चोट बच्चे को आई है। जिसे पट्टी करने के बाद घर भेज दिया गया है। बहरहाल ऐसी भी बात सामने आई हैं कि, स्कूल छत जर्जर होने के कारण पंखा टूटकर नीचे गिर गया। जर्जर छत की लंबे समय से मरम्मत नही किए जाने की बात चर्चा में रही। प्राचार्य ने बताया कि, शशांक सोनी सिधिंया नगर में रहता है, जिसे घर भेज दिया गया है। इधर डीईओ अरविंद मिश्रा ने बताया कि, घटना के बाद बच्चे को घर भेज दिया गया है।

# खबर के बाद स्कूल पहुंचे महापौर ठेकेदार से तत्काल कराया काम शुरू



**दुर्ग।** शहर के महात्मा गांधी हाई स्कूल के जर्जर स्थिति का मरम्मत करने के बजाय छोडकर ठेकेदार भागने की खबर हरिभूमि द्वारा शुक्रवार के अंक में प्रकाशित किए जाने के बाद दूसरे दिन शनिवार को महापौर धीरज बाकलीवाल स्कूल पहुंचे। जहां उन्होने ठेकेदार को तत्काल काम शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने प्राचार्य दिनेश अग्रवाल को आश्वस्त किया है। जल्द ही स्कूल का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा। महापौर धीरज बाकलीवाल का कहना हैं कि, आचार संहिता के कारण काम थम गया था, जिसे पुनः शुरू करा दिया गया है। इस दौरान एमआईसी मेंबर संजय कोहले, हामिद खोखर, पूर्व पार्षद पोषण साहू व सब इंजीनियर करण यादव पहुंचे थे।

# संगठन ने लोगों को जोड़ने किया काम : इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई ट्रक टेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन होटल सेंट्रल पार्क में सम्पन्न हुआ। जहां प्रदेशभर से बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर्स सम्मिलित हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि हमारा संगठन 50 वर्ष पुराना है। 2 वर्षों में काम करने में बहुत सारे बदलाव आए हैं। इस यूनियन से सैकड़ों लोगों को जोड़ने का काम किया गया है, यूनियन में सभी ट्रांसपोर्टों का विश्वास बढ़ा है। इस यूनियन में कोई किसी का काम अब वर्तमान स्थिति में नहीं छीनता है। सभी ट्रांसपोर्टरों को काम करने का अवसर मिल रहा है। पहले देश के किसी भी कोने से ठेकेदार ठेका लेकर ले जाते थे लेकिन अब स्थिति में बदलाव आया है। अब लोकल ट्रांसपोर्टर छत्तीसगढ़ को ही बीएसपी में ठेका और काम मिलता है। अब स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो रहे हैं। अब सिर्फ छत्तीसगढ़ के ट्रांसपोर्टर ही टेंडर भरकर नए-नए काम ले रहे हैं। स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है।





- भिलाई ट्रक टेलर ट्रांसपोर्टर्स एसो. का वार्षिक सम्मेलन

### सामाजिक कार्यों में लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

यूनियन ने लगभग 46 बेटियों की शादी के लिए प्रत्येक को 25- 25 हजार दिए हैं। वहीं सेवा भाव के कार्य में 800 यूनिट ब्लड डोनेट का काम किया गया है। 1000 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट बांटे जा चुके हैं। ड्राइवर हेल्पर एवं ट्रांसपोर्टों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही इनका 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस भी किया गया है। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सीमेंट वेलफेयर के अध्यक्ष संजय शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता ने ट्रांसपोर्टरो मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के सेवाभाव से सभी ट्रांसपोर्टर कायल है। सरकार को निधि से एम्बुलेंस प्रदान किया गया है। नौतप्पा की गर्मी में सीमेंट फैक्ट्री में शरबत की सेवाएं दी गई हैं। पूरे परिवार की तरह संगठन को मजबूती से चला रहे हैं और मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

### ये रहे शामिल

संरक्षक प्रभु नाथ मिश्रा, गोपाल खंडेलवाल ,गनी खान ,महेंद्र सिंह , साजन ,अनिल सिंह ,सुधीर सिंह ने भी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आशीष वचन दिए तथा सभी का स्वागत संगठन के पदाधिकारी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। एचटीसी के संचालक और अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू का स्वागत सभी ट्रांसपोर्टरों के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मलकीत सिंह लल्लू ने किया वहीं आभार प्रदर्शन कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने किया। इस अवसर पर अनिल सिंह ,ललित मोहन, बलजिंदर सिंह बिल्ला ,मुन्ना सिंह ,दिलीप खटवानी , पंकज सिंह, संदीप सिंह,यस सिंग,सोम सिंह,संजय सिंह आदि मौजूद थे।

# पीडब्ल्यूडी ने चारागाह की जमीन पर बना दिया रोड, शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोक निर्माण विभाग में सड़क निर्माण के नाम पर बड़े गफलत का खुलासा हुआ है। पीडब्ल्यूडी के अफसरो ने शमशान पहुंच मार्ग के नाम पर निजी खदान व क्रेशर संचालको के लिए 40 फिट चौड़ी आलीशान सीसी रोड का निर्माण कर दिया गया है। इस तरह मिली भगत कर सरकारी खजाने को लाखों रुपए की छती पहुंचाई गई। खास बात यह है कि, सड़क का निर्माण शामिलात चारागाह की जमीन पर किया गया है। लेकिन ना तो संबंधित पंचायतो से अनुमति ली गई है और ना ही पंचायतो ने सड़क निर्माण मांग ही की है। पंचायत में सड़क निर्माण का कोई भी प्रस्ताव भी नहीं लिया गया है। मामला पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेलूद और चुनकटा का है। सेलूद क्षेत्र के जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे ने मामले की कलेक्टर से शिकायत की है। उन्होंने मामले की अफसरो व खदान संचालकों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए सरकारी धन की बर्बादी का आरोप लगाया है और निर्माण एंजेसी व ठेकेदार से वसूली की मांग की है।

- जनपद सदस्य ने कलेक्टर से की लिखित शिकायत

### जिले में ग्रामसभा 20 अगस्त को आयोजित

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा-6 के तहत प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक ग्राम सभा का सम्मेलन आयोजित करने का प्रावधान है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि 23 जनवरी, 14 अप्रैल, 20 अगस्त एवं 2 अक्टूबर के अतिरिक्त प्रतिवर्ष माह जून एवं नवम्बर में सुविधाजनक तिथियों में प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य रूप कराए जाने के निर्देश है। इस संबंध में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी जनपद सीईओ को ग्राम सभा की बैठक हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामसभा के आयोजन के लिए स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी देने और निर्धारित बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुसार ग्राम सभा की बैठक में पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई।

## अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई, बुलडोजर के जरिए फैसिंग को किया गया ध्वस्त

# कातुलबोर्ड, साकेत कॉलोनी में चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के कातुलबोर्ड और साकेत कालोनी में अवैध प्लाटिंग पर नगरनिगम द्वारा अस्थाई निर्माण हटाने की कार्यवाही की गई है। वही ऐसे प्लाटों की रजिस्ट्री रोकने निगम ने एसडीएम को पत्र लिखा है। निगम के इस कार्यवाही से भू-माफियाओं में खलबली मची रही।

- अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर हो रही कार्रवाई

नगर पालिक सीमा के अंतर्गत जहां जहां अवैध प्लाटिंग किये जाने की शिकायतें निगम प्रशासन को मिल रही है, वहां पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर तत्काल पहुँचकर स्थल निरीक्षण कर सख्ती से कार्रवाही की जा रही है। इसी सिलसिले में आज भवन अधिकारी गिरीश दीवान के नेतृत्व में खसरा न.48/16 में अनावेदक अमनदीप सिंह ओबरॉय/प्रभसिंह ओबेरॉय एवं प्रितपाल सिंह ओबेरॉय द्वारा कातुलबोर्ड स्कूल साकेत कालोनी में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर स्थल में निर्मित रोड रास्ते एवं फेंसिंग कार्य को निगम के जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर हटाया गया।

### रजिस्ट्री पर रोक लगाने की कार्यवाही

भवन अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया कि, रजिस्ट्री संबंधि जानकारी एवं पंजीयन पर रोक लगाने संबंधित कार्यवाही हेतु अनुभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित किया जा रहा। कातुलबोर्ड स्कूल के निकट साकेत कालोनी, अवैध प्लॉटिंग रोड, रास्ते पर फ्रेंसिंग कार्यवाही कर नगर निगम ने जेसीबी की मदद से अवैध कब्जा मुक्त कराया। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, योगेश सूरे सहित अतिक्रमण अमला मौजूद रहें।



### पहले की कार्यवाही का पता नहीं

अवैध प्लाटिंग को लेकर इससे पहले पुलगांव चौक में निगम, राजस्व विभाग और टाउन प्लानिंग के अफसरों ने मिलकर कार्यवाही की थी। इस दौरान अवैध प्लाटिंग करने वालों पर अपराध दर्ज करने की बात कही गई थी। इधर नगरनिगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर का कहना हैं कि, जमीन दलाल के बहकावे में आकर प्लाट की खरीदी न करें। अवैध प्लाट खरीदने पर नगर निगम द्वारा भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी और ना ही खरीददार को भवन निर्माण के लिए बैंक से ऋण मिल पाएगा।

# प्रवेशोत्सव पर स्मार्ट टीवी की मिली सौगात



**परसदाखुर्द।** विकासखण्ड धमधा संकुल केन्द्र बोरी शापूमा शाला एवं प्राथमिक शाला परसदाखुर्द में नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 के शुभारंभ पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर किया। शाला में शिक्षकों के सहयोग से विज्ञान कक्ष में स्मार्ट टीवी का उद्घाटन शाला विकास समिति अध्यक्ष संतोषी साहू एवं अन्य सदस्यों ने किया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर संतोषी साहू ने न्यौता भोजन में बच्चों को हलवा का वितरण किया। प्रधान पाठक शापूमा शाला कमलावती विश्वकर्मा, प्रपा शा पूमा शाला गायत्री पटेल ने छात्रों को नये शैक्षणिक वर्ष की शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ शिक्षक मदन साटकर, राधेश्याम साहू, भुनेश्वरी चालीसा ने शाला विकास समिति के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित। इस कार्यक्रम में शाला के सभी कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 30 जून 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129


04 बारिश का एहसास

## लाइव इवेंट

### आचार्य विद्यासागर पर आधारित अनोखी प्रदर्शनी आज, नई कार्यकारिणी शपथ भी लेगी



**भिलाई।** श्री दिगंबर जैन सभा द्वारा आयोजित जैन भवन नेहरू नगर में आचार्य विद्यासागर महाराज के 56 वें संयम अर्थात दीक्षा दिवस पर 30 जून को शाम 4 बजे से 8 बजे तक अनूठी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। ट्विनसिटी में पहली बार ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अखबारों, पत्र-पत्रिकाओं की कटिंग, डाक टिकट से लेकर आचार्य विद्यासागर के जीवन से जुड़े अन्य पहलुओं के रेखांकित करने वाले पठ्न सामग्रियों और वस्तुओं को आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। जैन समाज के क्षितिज जैन व अनेकान्त जैन ने बताया कि दुर्ग-भिलाई के अलावा आसपास के अन्य जिलों से भी समाज के लोग इस प्रदर्शनी में शामिल होंगे।

इस अनूठी प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से सम्मानित तेजकरण जैन द्वारा संकलित भारतीय डाक विभाग द्वारा अनुमोदित व प्रकाशित डाक टिकट का अनूठा संग्रह भी प्रदर्शित किया जाएगा। आचार्य विद्यालय सागर के कृतित्व और व्यक्तित्व के विषय में अनेकों प्रकाशन, अखबारों की प्रदर्शनी का अवलोकन जन सामान्य को प्राप्त हो सकेगा। प्रदर्शनी के बाद रात करीब 8 बजे दिगंबर जैन सभा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें नए पदाधिकार पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे।

## सिटी इवेंट

### स्किन पर मंथन के लिए मध्य भारत के डॉक्टर्स आज जुटेंगे

**भिलाई।** डमेर्टोलॉजिस्ट डॉक्टर्स के संगठन की छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा 30 जून को त्वचा से जुड़ी बीमारियों और दवाओं पर चर्चा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजन में मध्य भारत के 100 से ज्यादा डॉक्टर्स जुटेंगे। संभवतः पहला अवसर है, जब इस प्रकार का आयोजन ट्विनसिटी में होने जा रहा है। होटल ढिल्लन में आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में दुर्ग और भिलाई के डॉक्टर्स भी शिरकत करेंगे। सम्मेलन सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

छत्तीसगढ़ डर्मेटोलॉजिस्ट संगठन की राज्य शाखा अध्यक्ष डॉ. पूजा पांडेय और सचिव डॉ. समुद्र नील सिन्हा ने बताया कि यह एक विशेष सम्मेलन है। इसमें राज्य और बाहर से आए त्वचा रोग विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में डॉक्टर के लगभग 100 डेलिगेट्स शामिल होंगे। त्वचा रोग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। नई खोज और नई दवाओं पर बात की जाएगी। सम्मेलन में राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के डर्मेटोलॉजी विषय के पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इनके लिए एक क्विज प्रतियोगिता भी रखी गई है। इस प्रतियोगिता में विजयी टीम को राष्ट्रीय स्तर हेतु चयनित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह सुबह 9 बजे शुरू होगा, जो शाम 4 बजे तक चलेगा।

## सिटी इवेंट

### रामग्रंथ पर शोध करने के लिए संयुक्ता पाढ़ी कंडरका पहुंची



**कुम्हारी।** प्रसिद्ध संस्कृताचार्य डॉ. महेंशचंद्र शर्मा एवं अंग्रेजी की प्रोफ़ेसर रामायण एक जीवंत महाकाव्य के संकलन एवं संपादनकर्ता संयुक्ता पाढ़ी, डॉ. परदेशी राम वर्मा के निवास ग्राम लिमतरा पहुंचे। जहां रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकार हेमराज, सुंदरलाल पटेल से मुलाक़ात की। कलाकारों ने अपने अभिनय एवं अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस तरह वे विभीषण का किरदार निभाते थे। उसे जीवंत करने के लिए दिन रात मेहनत करते थे। धीरे-धीरे उम्र बढ़ने से अब वे अभिनय करने में स्वयं को सक्षम महसूस नहीं करते, लेकिन अब मेरा बेटा इस भूमिका को निभाता है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। इसी तरह वरिष्ठ रंगकर्मी महेश वर्मा एवं रामलीला में जोकर और परी बनने वाले हेमराज निषाद ने भी अपना अनुभव साझा किया। कंडरका के रामलीला में अभिनय करने वाले दूरदर्शन कलाकार राजेंद्र साहू, संजय राजपूत एवं रामचंद्र का सजीव अभिनय करने वाले राजपूत ने रामलीला पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कंडरका में विगत 40 वर्षों से रामलीला ग्रामीण कलाकार कर रहे हैं। इसके पहले भी हर वर्ष रामलीला की प्रसिद्ध मण्डलियां यहां आकर रामलीला करती रही हैं। उस दौर को याद करते हुए कलाकारों ने बताया कि तब लोग दूर दूर के गांव से बैलगाड़ियों में भर-भर कर रामलीला देखने आते थे। उन्होंने बताया कि जो अभिनय उनके पिताजी करते थे, अब वे वृद्ध हो गए हैं लेकिन उस परम्परा का निर्वहन आज उनके बेटे कर रहे हैं। फिर उनका बेटा इस तरीके से रामलीला में यह परम्परा निरन्तर चली आ रही है। रामायण एक जीवंत महाकाव्य के संकलन एवं संपादनकर्ता संयुक्ता पाढ़ी ने इन कलाकारों के विचार सुनकर उसे रिकार्ड भी किया। अपने संग्रह में उसे यथोचित स्थान दे सकें। रंगकर्मी महेश वर्मा ने डॉ. महेशचंद्र शर्मा एवं संयुक्ता पाढ़ी का आभार व्यस्त किया। कलाकारों को डॉ महेशचंद्र शर्मा ने बधाई दी। इसके बाद सभी कुम्हारी की साहित्यिक संस्था ऋतंभरा साहित्य मंच के साहित्यकारों से चर्चा की।

**हेल्थ अलर्ट : दुर्ग-भिलाई में अलग-अलग स्टेज से 25 हजार से ज्यादा केस, अब नहीं संभले तो खतरा और बढ़ेगा**

# तंबाकू और गुटखा आज ही छोड़ें, क्योंकि हर साल कैंसर के 3 हजार नए केस, लंग्स, स्तन और बच्चादानी के मरीज भी बढ़े

भिलाई के एक निजी अस्पताल में ब्रेस्ट कैंसर का महंगा इलाज कराने के बाद भी अपनी पत्नी मालती को नहीं बचा पाने का अफसोस राकेश कुमार को जीवनभर रहेगा। उन्हें छह महीने की जांचों के बाद लास्ट स्टेज में कैंसर का पता चला। कैंसर की अधिकतम ग्रोथ उन्हीं 6 महीनों में हुई, जो डायग्नोसिस में गुजर गए थे... ये दर्द सिर्फ राकेश का नहीं है, दुर्ग-भिलाई में कैंसर के 80% मामलों में मरीज को जांच में देरी की वजह से नहीं बचाया जा सका। 90% फेफड़ों के कैंसर का पता बाद के चरणों में चला, जबकि स्तन कैंसर का आंकड़ा 50% के करीब है। सर्वाइकल और मुंह के कैंसर के 70% मामलों की पहचान एडवांस स्टेज में पहुंचने पर हो पाई।



अतुल अग्रवाल ⏭ भिलाई

कैंसर को लेकर जारी हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2013 में 4.78 लाख की तुलना में 2023 में कैंसर से मौतें दोगुनी (9.16 लाख) हो गई। देश में 22 सालों में डेढ़ करोड़ से अधिक कैंसर मरीजों की मौत हो चुकी है। कैंसर के मामले में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरे स्थान पर है। फिलहाल भारत में 2.6 करोड़ से ज्यादा कैंसर मरीज हैं। 2025 तक ये आंकड़ा 3 करोड़ के पार पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो भिलाई में भी अलग-अलग स्टेज के 25 हजार से ज्यादा केस हैं। कुछ आईडेंटी फाइ हैं, कुछ बिना किसी जांच के हैं। भिलाई में कैंसर के केस तेजी से बढ़े हैं। कैंसर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो हर साल 3 हजार से ज्यादा नए केस सामने आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ हेल्थ विभाग के अधिकारी भी इस बात को स्वीकार रहे हैं।

### क्या कहती है डब्लूएचओ की रिपोर्ट

कैंसर कई रूपों में फैल रहा है, जो विभिन्न अंगों या कभी-कभी कई अंगों को निशाना बनाता है। 2022 के आंकड़ों के अनुसार भारत में कैंसर के 5 सबसे आम रूप थे। इसमें ब्रेस्ट का कैंसर (13.6%), ओरल कैंसर (10.2%), बच्चेदानी का कैंसर (9%) फेफड़ों का कैंसर (5.8%), ग्रास नली कैंसर (5%)। इसमें तेजी सो बढ़ोतरी हो रही है। मुंह के कैंसर भी बढ़ रहे हैं।

### इलाज में देरी के कारणों को भी समझिए

देश में 70 फीसदी से ज्यादा आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। जहां आज भी सही चिकित्सकीय परामर्श, जांच और इलाज की सुविधा लगभग नहीं के बराबर है। डॉक्टर्स द्वारा भी कैंसर को गंभीरता से नहीं लिया जाता, जिस वजह से यह तेजी से बढ़ता जाता है। समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीज की मौत तक हो रही है। कैंसर को लेकर की जा रही जांचें भी महज खानापूर्ति तक सीमित है। होने वाली जांच जैसे कोलोनोस्कोपी 10 हजार से 25 हजार, एक्सरे इमेजिंग विधि मैमोग्राफी का खर्च 1000 से 2500 है। एफएनएसी टेस्ट का खर्च 800 से 2600, रेडियोधर्मी इमेंजिंग धर्मी पीईटी टेस्ट 10 हजार है। इसके बाद भी पहचान नहीं होने की स्थिति में डॉक्टर्स 25 हजार से ढाई लाख रुपए तक का बायोप्सी टेस्ट कराते हैं।

### दुर्ग और आसपास के जिलों में हर साल 3 हजार से ज्यादा केस

सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों, प्राइवेट प्रैक्टिसनर और नर्सिंग होम संचालकों की मानें तो दुर्ग और आसपास के जिलों में हर साल 3000 से ज्यादा नए कैंसर केस मिल रहे हैं। शरीर में छोटी सी गठान भी जांच के बाद कैंसर निकल रहा है। 50 से 70 प्रतिशत संदिग्ध मामलों में ऐसा देखने में आ रहा है। महिलाओं में ब्रेस्ट, बच्चादानी और पुरुषों में मुंह और गले का कैंसर मिल रहा है। राज्य कैंसर संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में हर साल 15 हजार से ज्यादा कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं। वर्तमान में करीब 85000 मरीज हैं। इसमें करीब 25 हजार दुर्ग जिले में हैं।

### एक्सपर्ट व्यू: तंबाकू, गुड़ाखू, सफाई कैंसर की सबसे बड़ी वजह



कैंसर बड़ी तेजी से फैल रहा है, यह बात सही है। छत्तीसगढ़ में इसका असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू, गुड़ाखू और सफाई है। मेरे पास ही महीने में 70 से 80 नए मामले इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें 50 प्रतिशत से ज्यादा मुंह, जीभ, गला, जबड़े, तलवे, हड्डी, खाने की नली में तक कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। इन केसेस में 40 प्रतिशत तक मामले में महिलाओं के हैं। सामान्य तौर पर 12 से 15 प्रतिशत तक महिलाओं में इस तरह का कैंसर होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ में 40 प्रतिशत से ज्यादा केस हैं। इसके अलावा बच्चादानी के कैंसर से जुड़े मामले में आ रहे हैं। 15 से 20 मरीज मेरे पास इलाज के लिए आ रहे हैं। इसकी वजह प्रसव के दौरान बरती गई लापरवाही है। सफाई न बरतने से दिक्कत बढ़ रही है। लंग्स कैंस के 5 से 10 प्रतिशत केस आ रहे हैं।

**- डॉ पुनित सेठ,** रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, मित्तल हॉस्पिटल भिलाई

### लक्षण-वजह-निदान की चुनौती? आवाज बैठे, गांठ दिखे, वजन घटे तो तुरंत दिखाएं

अलग खबर

लक्षणः लगातार घाव रहे, खासकर मुंह, होंठ या जीभ पर। गांठ दिखाई दे, जहां पहले नहीं थे। किसी भी छिद्र से असामान्य रक्तस्राव हो। खांसी या खून की उल्टी हो, पेशाब व मलाशय से खून आए। मासिक धर्म के बीच या बाद में अस्पष्टीकृत खून का स्राव होना। लगातार आवाज बैठना या असामान्य अवधि की खांसी। वजन का अकारण घटे, चक्कर और कमजोरी महसूस हो।




कारणः धूम्रपान, पान मसाला, खैनी में तंबाकू चबाना। देशी-विदेशी शराब का लगातार अधिक सेवन। इसके अलावा वायु प्रदूषण, कुपोषण और भोजन में अधिक फैट वजह हो सकते हैं। नियमित शारीरिक सक्रियता व व्यायाम का अभाव भी कारण हो सकते हैं।

चुनौतीः फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज उचित निदान से पहले महीनों तक विभिन्न डॉक्टरों के पास गए, जहां अन्य बीमारियों के लक्षणों की दवा दी जाती रही। कहीं विशेषज्ञों तक पहुंच की कमी से देरी हुई। ग्रासनली के कैंसर से पीड़ित अनेक मरीजों को वजन कम होने और निगलने में कठिनाई हुई। स्थानीय डॉक्टरों को कैंसर का संदेह नहीं था, ऐसे में बहुत देरी से पता चला। स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के मामले सबसे ज्यादा सामने आ रहे हैं।

**- कैंसर सर्जरी :** सर्जरी में कैंसर से प्रभावित होने वाले पार्ट को काट कर निकाल देते हैं। कैंसर सर्जन के मुताबिक इससे बीमारी बाहर निकल जाती है। कुछ केस में सर्जरी के साथ कीमोथैरेपी भी करनी पड़ती है।

- कीमो थेरेपी : इस विधा में मरीज को टैबलेट दिए जाते हैं। इस थेरेपी में दवा पूरे शरीर में जहां-जहां कैंसर की टीशू होते हैं, उन्हें मार गिराता है। इससे पूरे शरीर में कैंसर की टीशू नहीं बचते हैं।

- रेडियो थेरेपी : इस विधा में भी सर्जरी की तरह सीधे कैंसर टीशू को खत्म करते हैं। सर्जरी करने के साथ बीमारी को काटकर बाहर निकालते हैं, रेडियोथेरेपी में नष्ट करते हैं।




**एटमस्टको लिमिटेड, कोरफेब प्रोजेक्ट, श्रीराम इक्यूटेक, मेकास्ट इंजीनियर्स, सारथी डिफेन्स जैसी कंपनियों ने जॉब ऑफर किए**

# ब्रांडेड कंपनियों ने कम्युनिकेशन स्किल, बॉडी लैग्वेंज, क्वालीफिकेशन, ग्रुप डिस्कशन से स्टूडेंट्स को परखा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** उच्च शिक्षा में अपनी अलग छवि बना चुकी सीएसआईटी कोलिहापुरी में तीन दिवसीय मेगा ओपन जॉब फेयर का समापन हो गया। तीन दिनों तक चले इस जॉब कैम्पस में छत्तीसगढ़ए महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों के 2500 से ज्यादा स्टूडेंट्स जुटे। लंबे समय बाद युवाओं में जॉब कैम्पस को लेकर इस तरह का उत्साह [illegible] गया। छत्रपति शिवाजी ग्रुप ऑफ [illegible]ट्यूट ऑफ के इस इवेंट में इंजीनियरिंग और [illegible]र्मेसी के अलावा डिप्लोमा, आईटीआई, बीएससी, एमएससी, एमबीए, बी. फार्म, डी.फार्म एवं एम फार्म के उम्मीदवार शामिल हुए। इन छात्रों में ग्रेजुएशन, डिप्लोमा एवं आईटीआई की पढ़ाई करने के बाद रोजगार के अवसर मिलने पर गजब उत्साह देखने को मिला। खास बात यह है कि बड़ी ब्रांडेड कंपनियों ने प्लेसमेंट लिया। इसके लिए कंपनियों के प्रतिनिधियों ने स्वयं कम्युनिकेशन स्किल, बॉडी लेग्वेंज, एकॉडेमिक क्वॉलीफिकेशन, ग्रुप डिस्कशन के आधार पर चयन प्रक्रिया की। इस दौरान कंपनी के प्रमुख प्रतिनिधि, एचआर हेड एवं अन्य रिक्रूटिंग ऑफिसर्स उपस्थित थे। मेगा जॉब फेयर में एटमस्टको लिमिटेड, कोरफेब प्रोजेक्ट प्रा.लि., श्रीराम इक्यूटेक प्रा.लि., मेकास्ट इंजीनियर्स, सारथी डिफेन्स (इं.) प्रा.लि. एनबिरो अब्राशियन रसिस्टेन्ट इंजीनियर्स प्रा.लि., कोर इंडिया एलएलपी, एमएसपी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, टीओट सिस्टम्स प्रा.लि. (टेकबी), पॉयलॉन्स टेक्नोलॉजी, इनोडिड सिस्टम्स प्रा.लि., क्लॉरिअन आईटी प्रा.लि., एऑन डीजी कॉन कम्पनियों ने काउंसिलंग की।



### मेडिकल और दवाओं से जुड़ी कंपनियां भी पहुंची

फार्मेसी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए नामी कंपनियां सलेक्शन प्रोसेस किए। इसमें फाइजर, जायड्स कैडिला, आई सिस्टम, निऑन लेबारेटरीज, टीसीएमएस (टेककेयर मेडिकल सर्विसेस), ब्ल्यू क्रॉस, ग्रुप फार्मास्यूटिकल्स, वेलनेस फोरइवर, जेनेरिकॉर्ट जैसी कम्पनियां शामिल हुईं। सीएसआईटी के चेयरमैन अजय प्रकाश वर्मा ने कहा कि यह पहला अवसर है, जब एक ही छत के नीचे इस प्रकार का मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इसका सीधा लाभ हमारे दुर्ग भिलाई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ।

मजबूत करियर निर्माण में सहायक


सीएसआईटी के प्रिंसिपल डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से यह मेगा ओपन जॉब फेयर विद्यार्थियों को एक मजबूत करियर निर्माण को प्रोत्साहन करेगा। यह एक मील का पत्थर साबित होगा। इस पूरे कार्यक्रम का कॉर्डिनेशन कॉलेज के डीन (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेन्ट तथा स्टूडेन्ट्स अफेयर) प्रो. संजय सिंह द्वारा किया गया। जिसमें सीएसजीआई के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेन्ट के पूरे अधिकारीगण, रजिस्ट्रार, डीन, विभागाध्यक्ष, कॉलेज फैकल्टीज़ और स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर सीएसआईपी के डायरेक्टर विनय द्विदी, सीएसआईपी के प्रिसिंपल डॉ. अमित राय एवं रजिस्ट्रार राजेश वर्मा ने इस जॉब फेयर से चयन हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके भविष्य की कामना की।



**सिटी इवेंट**

## राष्ट्रीय वेबीनार में साहित्यिक चोरी पर किया विचार-विमर्श

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के शिक्षा विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का विषय रिसर्च एथिक्स था। वेबिनार में विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अर्पना गोडबोले ने साहित्यिक चोरी पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि शोधार्थी को साहित्यिक चोरी नहीं करना चाहिए। जब कहीं से मैटर लें तो उसका समुचित संदर्भ देना चाहिए। इस दौरान पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कॉमर्स एवं प्रबंधन अध्ययनशाला निदेशक प्रो. शोभित बाजपेई ने कहा कि प्लेगरिज्म से बचना चाहिए। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने साहित्यिक चोरी और प्लेगरिज्म पर कड़े नियम बनाए हैं। प्रत्येक शोधार्थी को इनका पालन करना अनिवार्य है। प्रो. महिपाल सिंह यादव निदेशक, इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हाइयर एजुकेशन, भोपाल ने शोध के विभिन्न चरणों को समझाया और पूरी प्रक्रिया में नैतिकता को बल दिया। कार्यक्रम की संयोजक अर्थशास्त्र विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. नीना सिंह और आयोजन सचिव डॉ. मनोज कुमार मौर्य, डीन शिक्षा विभाग और डॉ. स्वाति पाण्डेय अधिष्ठाता छात्र कल्याण थीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विद्यावती चंद्राकर और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निधि वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभाग और डॉ. निमिषा मिश्रा लॉ विभाग ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




- भारती विश्वविद्यालय में रिसर्च एथिक्स पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

**हेल्थ इवेंट**

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में ग्रामीण हुए लाभान्वित, बांटी दवा



**भिलाई।** सेल व भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम परसही में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम परसही में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ मोहनलाल, नर्स रेखा देव, बीपी, शुगर जांच व फार्मेसिस्ट खिलावन कुंभकार, शंभू दयाल तथा सीएसआर विभाग से सहायक बुधेलाल उपस्थित थे। इस शिविर में कुल 90 लोगों की जांच करके उनको दवाईयों का वितरण किया गया। जिसमें 36 पुरुष, 51 महिलाएं एवं 3 बच्चे लाभान्वित हुए। सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान की गई। बीएसपी अपने आस-पास के क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि ग्रामीणों को भी उचित स्वास्थ लाभ मिल सके।

- बीएसपी ने सीएसआर मद से लगाया शिविर

**उपलब्धि**

## बीआरएम कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन–1 के अन्तर्गत बीआरएम विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ–साथ कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए कर्मचारियों को प्रेरित करने तथा उन्हें पहचान देने के लिए कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित करना है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरएम के महाप्रबंधक प्रभारी योगेश शास्त्री उपस्थित थे। बीआरएम विभाग में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद खन्ना को पाली शिरोमणि एवं एमओसीटी धन्कुराम ठाकुर, ओसीटी मनोज कुमार, ओसीटी गौतम कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, कर्मचारी की पत्नी हेतु प्रशंसा पत्र एवं मिठाई का पैकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने और संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अधिकारी सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष कुमार, शिखर तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

**बाल वाटिका के बच्चों ने किया शाला प्रवेश, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

# केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के प्रवेशोत्सव में राजस्थानी और पंजाबी नृत्यों के साथ बच्चों का किया स्वागत

**भिलाई।** स्कूल खुलने के साथ हा सभी बच्चों के चेहरे भी खिल उठे है। जहां एक ओर स्कूल के खुलने से बच्चों का मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है तो वहीं कई स्कूलों में नन्हें बच्चों की क्लास धीरे-धीरे शुरु हो रही है। इसी कड़ी में शनिवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में बाल वाटिका तीन का शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हें बच्चों ने नृत्य के साथ समा बांधा। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में राजस्थानी, पंजाबी नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुती दी। इस दौरान बच्चें व उनके अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अध्यापक कमल नारायण सोनी ने अभिभावकों को जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को बाल वाटिका में बिना ड्रेस के बिना सिलेबस के गतिविधियों के माध्यम से ही शिक्षण प्रक्रिया कराई जाती है। जिसे अनुभवात्मक शिक्षा कहा जाता है। प्रवेश प्रभारी एम के बोरकर ने सभी को केंद्रीय विद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान डॉ अजय आर्य ने कहा कि बच्चों को हमेशा सिखाने के बजाय कभी-कभी हमें उनसे भी सीख लेना चाहिए। क्योंकि जो बच्चें कभी हमारी उंगली पकड़कर चलते थे वही हमें अब चलना सिखाते हैं। किस ओर चलना है बच्चे ही बताते हैं।








**बच्चों को दिया गया उपहार**

वरिष्ठ शिक्षिका मधु थपलियाल एवं एस पी एस गायत्री सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य ने नव प्रविष्टि बच्चों का उपहार देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में श्रावणी, ज्योति, मेघा, पीएन सोनी, मोनिका, प्रतिभा निषाद, मोनिका श्रीवास्तव, नसीम, नितिन, रीखेंद्र सहित विद्यालय के सभी स्टॉफ ने योगदान दिया।

### घर में बच्चों को रखें फ्री, बातें करें शेयर

केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने बच्चों व अभिभावकों को उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक अपने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के लिए हमेशा उपलब्ध हैं उनकी समस्या सुनने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। प्राचार्य बताया कि शिक्षक की अधिगम प्रक्रिया में सुनना और बोलना पहले क्रम में है। उसके बाद पढ़ना और लिखना है। आजकल हम लोग लिखने पर ज्यादा जोर दे रहे हैं और वहीं से शुरू कर रहे हैं। जो कि मनोवैज्ञानिक तरीके से गलत है। घर में माता-पिता बच्चों को सुनने और बोलने का अधिक से अधिक अवसर दें। बच्चें घर में ही जीवन जीने की कला सीखते व समझते है। क्योंकि बच्चें माता-पिता को तमिल, तेलुगु, मराठी एवं दूसरी भाषाएं घर में सुनते और बोलते हुए देखते है और अपने आप सीख लेते हैं। इसलिए बच्चों को सुनने और बोलने की पूरी स्वतंत्रता दें। ताकि वे अपने घर की लैग्वेज को अच्छे से सीख सके।

**फाइट द बाइट कैम्पेन**

## डायरिया, टाइफाइड, पीलिया से बचाव के लिए लोगों कर रहे जागरूक




**भिलाई।** जल जनित बीमारी से बचाव के लिए निकायों में बाइट द फाइट अभियान शुरू किया गया है। दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरादो निगम के अलावा अन्य निकायों में भी मच्छर उन्मूलन को लेकर डोरटूडोर संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा डायरिया, पीलिया, मलेरिया, टाइफाइड से बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है। शनिवार को भिलाई के जोन -4, वार्ड -41 औद्योगिक क्षेत्र, छावनी के आदिवासी मोहल्ला में निगम की टीम पहुंची। हेल्थ विभाग के कर्मचारी भी इस दौरान मौजूद थे। जन जागरूकता अभियान के तहत जन समुदाय में उल्टी-दस्त, टाइफाइड, पीलिया से बचाव के बारे में बताया गया।

**नगरीय निकाय में चल रहा अभियान**

### पानी उबालकर पीएं हाथ धोते रहें

कर्मचारियों ने लोगों को बताया कि बारिश के दिनों में पानी उबालकर पीएं। शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धोएं। बासी भोजन एवं सड़े गले खाद्य पदार्थ के सेवन से बचें। हर कुछ समय में हाथ धोते रहें।उल्टी -दस्त होने की स्थिति में तरल पदार्थ जैसे नारियल पानी, दाल का पानी, ओआरएस का घोल ज्यादा मात्रा में पीते रहें। अपने घर में ही जीवन रक्षक घोल (एक ग्लास पानी में एक चुटकी नमक एवं एक चम्मच शक्कर, नींबू उपलब्ध हो तो दो -तीन बूंद नींबू का रस मिलाकर) पीने की सलाह दी गई। डेंगू, मलेरिया से बचाव के बारे में भी बताया गया।

**सदस्यता बढ़ाने लिया संकल्प**

## छग सर्व समाज संगठन का होगा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन को मजबूत करने व समाज को आगे बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर दुर्ग में बैठक आयोजित गई थी। बैठक की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र की पूजा अर्चना कर की गई। बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। समाज के उत्थान के लिए धमधा, दुर्ग, पाटन, भिलाई सहित चार ब्लॉक का गठन किये जाने, अक्टूबर माह में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन कराने की तैयारी प्रारंभ करने साथ ही संगठन के कोष बढ़ाने के लिए योजना बनाई गई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने जुलाई 15 तक अधिक से अधिक सदस्य बनाने संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने की, महासचिव लखन लाल साहू ने संगठन के विस्तार के संदर्भ में अपनी बात रखी। सलाहकार रमेश साहू ने संगठन को गति प्रदान करने सलाह दी। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने सुझाव दिए।

इस दौरान उपाध्यक्ष गेंदलाल वर्मा, तारकेश्वर स्वर्णकार, पंचराम साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, महिला अध्यक्ष मधु गजपाल, भिलाई महिला अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार, संयोजिका जयंती साहू, सुशीला साहू, कुंती साहू, भुनेश्वरी साहू, चंपा साहू, धनेश्वरी साहू, पूनम साहू मनीषा साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आरएल साहू, प्रेमलाल निर्मलकर, मधुर लाल देवांगन, चैतलाल निर्मलकर, रूपेंद्र कुमार, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, शांति लाल देवांगन सहित लखन लाल साहू उपस्थित थे।

**बैठक में लिया गया निर्णय**

**ब्राम्हण समाज ने बच्चों को प्रोत्सहित करने किया कार्यक्रम का आयोजन**

# ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित आर्मी और उच्च शिक्षा की बच्चों को दी जानकारी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज दुर्ग द्वारा समाज के 25 प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्सहित करने मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में तूलिका तिवारी के स्वागत गीत व बच्चों की नृत्य प्रस्तुति से की गई। समाज की अध्यक्ष सुमन पांडे ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख लोकायुक्त छत्तीसगढ़ शासन टीपी शर्मा थे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा प्लेटफॉर्म बच्चों को मिलता रहे ताकि वे और उन्नति कर सकें। विशिष्ट अतिथि अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने भी बच्चों को समय सीमा में बांधकर अपने आप को स्थापित करने की बात कही। छग जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र पांडे ने अपने उद्बोधन से बच्चों में जोश भर दिया।




### ब्रिगेडियर ने बताई भर्ती प्रक्रिया

इस दौरान विवेक शर्मा, सरयूपारीण ब्राम्हण समाज दुर्ग संरक्षक राम विशाल शर्मा, अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा ने भी सभा को संबोधित कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित ब्रिगेडियर राकेश शर्मा ने आर्मी और शिक्षा के बारे में बच्चों को जानकारी दी। समाज के सदस्य रमेश तिवारी, किरण पुराणिक, पूर्व विधिक अधिकारी प्रमोद शर्मा ने समाज के विषय में जानकारी दी। अतिथियों एवं बच्चों का सम्मान उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, शीलेंद्र चौबे, अपर्णा चौबे, संध्या तिवारी, शैल किरण शुक्ला, मंजू पांडे, गीतांजलि तिवारी, आशा शुक्ला, पुष्पा तिवारी, हिमांशु द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सतीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर सचिव प्रदीप पांडे, अमितेश तिवारी, कमलेश तिवारी, पवन द्विवेदी, अरुण मिश्रा, शशिकांत तिवारी सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 क्रिकेट में भिलाई को बढ़त, ओम ने लिए दो विकेट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 2024 के चार दिवसीय फाइनल के तीसरे दिन भिलाई की टीम ने बढ़त बनाई हुई है। 08 मई से शुरू इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फायनल मैच 27-30 जून जारी है। तीसरे दिन का मैच प्लेट कंबाइंड तथा भिलाई के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।भिलाई ने अपनी पहली पारी में 58.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 239 रन बनाये। जिसमें आलोक गुप्ता ने 60 रन तथा इशांत राव ने 55 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से आशीष कोरी ने 5 विकेट हासिल किये। प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 72.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से आशीष कोरी ने 48 रन तथा क्षितिज तिवारी ने 37 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने 4 विकेट तथा कुमार इशान ने 3 विकेट चटकाये। वर्षा बाधित तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी दूसरी पारी में 67 ओवरों में 5 विकेट खोकर 193 रन बना लिये हैं। भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने 50 रन, इशांत राव तथा साहिल रजत शरीफ ने 33-33 रनों का योगदान दिया। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से रुद्र प्रताप ने 2 विकेट तथा ओम कोशले ने 2 विकेट प्राप्त किए। तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने 235 रनों की बढत हासिल कर ली है।

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 5 जुलाई से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता -2024 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 5 से 7 जुलाई तक सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 2 जुलाई शाम 07.00 बजे तक है। वहीं 12 से 14 जुलाई तक यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एकल तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 9 जुलाई शाम 7 बजे तक है। प्रतियोगिता में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता एवं रायपुर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप (दोनों में से किसी भी एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता) में भाग लेने वाले पंजीकृत खिलाड़ियों का चयन/प्रविष्टी ही रायपुर में 3 से 6 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाली 22वीं स्टेट छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2024 हेतु स्वीकार की जाएगी। जिसमें जिला के अन्य टूर्नामेंट को शामिल नहीं किया जायेगा।

### रायपुर जिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप शुरु




**रायपुर।** दो दिवसीय रायपुर जिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप खारुन रेल विहार,फाफाडीह, रायपुर में शनिवार से शुरू हुई। इस चैम्पियनिशप में रायपुर जिले से लगभग 100 महिला/पुरुष खिलाड़ी शामिल हो रहे है। रायपुर जिला सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर (बालक/बालिका) (पुरुष/महिला) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत रायपुर पश्चिम विधान सभा ने किया। विशेष अतिथि रज्जन श्रीवास्तव, अवधेश जैन, विरेन्द्र कुमार माहेश्वरी, एवन कुमार जैन, राजेंद्र सिंह यादव, बुधराम सारंग, संगरत्न गेडाम, चैतराम अग्रवाल, राधेश्याम साहू, रुस्तम सारंग,रूपेश राहंगडाले, अजय दीप सारंग, ललित राहंगडाले, दीपक यादव,प्रदीप छत्री, दीपक धीवर, रज्जू कोशले, शशि साहू एवं जिला भारोत्तोलन संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

#### लाइफस्टाइल से लेकर आहार में गड़बड़ी है प्रमुख कारण

# बार-बार आते हैं चक्कर और लेते हैं खर्राटे तो हार्ट में हो सकती है समस्या, इसे कभी न करें अनदेखा

हृदय रोग, वैश्विक स्तर पर असमय मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक माने जाते हैं। आश्चर्यजनक रूप से कम उम्र के लोगों में भी इसका खतरा बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। लाइफस्टाइल से लेकर आहार के चुनाव में गड़बड़ी इन समस्याओं का प्रमुख कारण मानी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में कम उम्र के लोगों में भी हार्ट अटैक का जोखिम देखा जा रहा है, जो निश्चित ही चिंता बढ़ाने वाली है। अगर आपके हृदय में कुछ गड़बड़ हो जाए, तो आपको कैसे पता चलेगा? इसके लक्षणों पर ध्यान देकर। पर क्या आप जानते हैं कि हर बार हृदय संबंधी समस्याओं के स्पष्ट संकेत नजर आएं ऐसा जरूरी नहीं है। हार्ट अटैक के मामलों में भी हमेशा ऐसा नहीं होता कि छाती में अचानक दर्द हो और फिर आप जमीन पर गिर पड़ें, जैसा कि फिल्मों में दिखाया जाता हैं। हृदय संबंधी कई लक्षण जरूरी नहीं हैं कि आपकी छाती से संबंधित ही हों। आइए जानते हैं कि हृदय की समस्याओं के किन संकेतों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है जिनपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है?



### हृदय रोगों का जोखिम

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में हृदय रोग विशेषज्ञ विन्सेंट बुफालिनो कहते हैं हृदय रोगों का जोखिम तब और अधिक हो जाता है जब आप 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हों, आपका वजन अधिक हो, या आपको मधुमेह, हाई कोलेस्ट्रॉल या उच्च रक्तचाप की समस्या हो। जितने अधिक जोखिम कारकों के आप शिकार हैं, दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा भी और अधिक बढ़ जाता है। पर अब हृदय रोग बढ़ती उम्र से संबंधित ही नहीं रहे हैं, कम उम्र से ही इसके खतरे को लेकर सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। आइए जानते हैं कि हृदय रोगों के किन लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है।

### हाथ-गले या जबड़े में दर्द

गले या जबड़े में दर्द को अक्सर मांसपेशियों की समस्या, सर्दी या साइनस की समस्या मान लिया जाता है। लेकिन अगर आपको सीने के बीच में दर्द या दबाव महसूस हो जो आपके हाथ-गले या जबड़े तक फैल जाता है, तो यह दिल के दौरे का संकेत हो सकता है। इसके अलावा अचानक थकान या घबराहट महसूस होना भी हृदय स्वास्थ्य के लिए अलार्मिंग माना जाता है।




### अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना

अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना हृदय संबंधी समस्याओं की तरफ संकेत हो सकता है। वैसे तो बहुत सी चीजें आपका संतुलन खोने या बेहोशी का कारण बन सकती हैं। लेकिन अगर आपको अचानक से अस्थिरता महसूस हो और सीने में तकलीफ या सांस लेने में दिक्कत हो रही हो, तो तुरंत डॉक्टर से मदद लें। डॉ बुफालिनो कहते हैं, इसका मतलब यह हो सकता है कि आपका रक्तचाप कम हो गया है, इससे भी हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ने लग जाती हैं।

### खर्राटे की दिक्कत

नींद के दौरान हल्के खर्राटे लेना सामान्य बात है। लेकिन असामान्य रूप से तेज खर्राटे लेना जो हांफने या दम घुटने जैसा लगता है, ये स्लीप एपनिया का संकेत हो सकता है। यह तब होता है जब आप रात में कई बार सोते समय कुछ पलों के लिए सांस नहीं ले पाते हैं। इससे आपके दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। जिन लोगों को स्लीप एपनिया की समस्या होती है उनमें हृदय संबंधित समस्याओं के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। खर्राटे की इस तरह की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## तीन दिवसीय शिविर में युवा सीख रहे कलरिपयतु के गुर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलरिपयतु संघ के तत्वावधान में रायपुर जिला कलरिपयतु संघ एवँ विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फ़टिनेस क्लब के सहयोग से तीन दिवसीय जिला स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन टिम्बर भवन, देवेन्द्र नगर, रायपुर में 29 जून से 01 जुलाई तक किया जा रहा है। इस शिविर की मुख्य कोच दल्लीराजहरा जिला बालोद की राज्य प्रशिक्षक एवँ निर्णायक हरबंश कौर हैं।

स्थानीय टिम्बर भवन में शनिवार की शाम शिविर का उद्धघाटन अनिल खोब्रागडे (पूर्व सदस्य-अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन) ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलारिपयात्तु संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने की। विशेष अतिथि राज्य कलारिपयात्तु कोच हरबंश कौर,सत्यनारायण धनकर और उपेन्द्र जगत उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि इस आयोजन का मकसद आगामी तमाम राष्ट्रीय आयोजनों खेलो इण्डिया, राष्ट्रीय खेल और नेशनल चैंपियनशिप की तैयारियों हेतु एवँ अच्छे प्रदर्शन के साथ ही नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करना है। उद्घाटन अवसर पर अनिता चौहान, राजकुमार, वैभव साय, आकाश कासू, कु जैस्मिन साहू आदि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत टिकेश्वरी साहू,दिव्या अग्रवाल,आर्यन पटेल, पल्लवी साहू एवँ हंसा साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कलारिपयात्तु संघ रायपुर के सचिव अमन यादव ने किया। पहले दिन का बेसिक टेक्निक सेशन हरबंस कौर ने लिया। रविवार 30 जून को सुबह 7 से 10 बजे तक जनरल प्रैक्टिस सेशन होगा। इसके बाद दोपहर में एक बजे से प्रतियोगिता वाले खिलाड़ियों का विशेष सेशन होगा। शाम 5 बजे से पुनः एडवांस तकनीक हेतू सेशन होगा।

उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के माध्यम से आगामी 06 से 08 जुलाई को कुसमुंडा कोरबा में आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय कलारिपयात्तु चैंपियनशिप में भाग लेने वाले रायपुर जिले के दल का चयन किया जाएगा।

## सब्जी देखकर दूर भागते हैं बच्चे तो खिलाएं लौकी डोसा

बच्चे चाहे कितनी बड़े हो जाएं लेकिन खाने को लेकर इनके नखरे हमेशा होते हैं। इसलिए आज एक ऐसी डिश के बारे में जानिए, जिसे खाकर आपके बच्चे भी खुश हो जाएंगे और उन्हें पता भी नहीं लगेगा कि ये डिश लौकी से बनी है।

**विधिः** सबसे पहले लौकी को छीलकर और कद्दूकस कर लीजिए। अगर लौकी में ज्यादा पानी है, तो थोड़ा सा प्रेस करके पानी निकाल दीजिए। अब एक बड़े बाउल में कद्दूकस की हुई लौकी, चावल का आटा, सूजी, दही, हरी मिर्च, हरा धनिया, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, और नमक को मिलाकर अच्छे से मिलाइए।

इसके बाद इस बैटर में थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर इसे तैयार करें। बैटर को रेस्ट करने के लिए 15-20 मिनट तक छोड़ दीजिए। इसके बाद एक नॉनस्टिक डोसा तवा को मध्यम आंच पर गरम करें और उसे थोड़ा-थोड़ा करके तेल से लगाइए।

अब तवे पर इस बैटर से डोसा बनाएं। वह सुनहरा और कुरकुरा हो जाए, तो उसे पलट दीजिए और दूसरी ओर से भी सेक लें। जब ये सही से सुनहरा हो जाए तो डोसा से उतार लें। अब इसे सर्विंग प्लेट पर निकालें और टमाटर की चटनी या नारियल की चटनी के साथ परोसें।





## आसान योगासन टीनेजर्स की हाइट बढ़ाने में होंगे मददगार

अपनी टीनेज में हर इंसान एक न एक बार हाइट बढ़ाने के लिए जरूर परेशान होता है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, लंबे लोग हमें ज्यादा अपीलिंग लगते हैं। ये बात कई स्टडी में भी सही साबित हुई है।

एक स्टडी के अनुसार, अच्छी हाइट/ऊंचाई न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण और हाई आईक्यू से भी इसका सीधा संबंध होता है। आपकी लंबाई आपके आनुवंशिक मेकअप, एक्सरसाइज, पोषण और पर्यावरण की स्थिति जैसे अन्य फैक्टर्स से भी निर्धारित होती है।



हाइट टीनेज के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती है। आमतौर पर टीनेज के पूरा होने या 2 1 व ष की उम्र के बाद बंद हो जाती है। यदि आप अपनी टीनेज के दौरान हाइट में मीडियम या कम ग्रोथ का अनुभव कर रहे हैं और अपनी ऊंचाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपको जरूरी कदम उठाना चाहिए।

**ताड़ासन :** बच्चों या किशोरावस्था में अगर बच्चों को ताड़ासन का अभ्यास करवाया जाए तो ये उनकी हाइट बढ़ाने में मदद करता है। सिर से पैर तक खिंचाव देने के कारण ये आसन नसों और शरीर से जुड़ी विभिन्न बीमारियों में भी हमें फायदा पहुंचाता है।

पहली बार ताड़ासन करने पर हो सकता है कि ये आसन आपको कठिन मालूम हो। इसके अलावा संतुलन बनाना भी कठिन हो। लेकिन अपने पैरों के बीच के अंतर को 5-6 इंच रखने पर आपके लिए ताड़ासन के अभ्यास के दौरान संतुलन बनाना आसान हो जाएगा।



**भुजंगासन :** भुजंगासन हमारी पीठ को मजबूत और रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। ये हमारे पाचन और प्रजनन तंत्र को मजबूत बनाता है। इस आसन के नियमित अभ्यास से शरीर का ढांचा सुडौल हो जाता है और हाइट के सही विकास में मदद

कार्नर न्यूज

#### शादी के बंधन में बंधने का फैसला लेने से पहले खुद की आवाज सुनिए

# शादी होने वाली है तो भारतीय पुरुष ध्यान में रखें जरुरी बातें



भारतीय कानून 21 साल से ज्यादा उम्र किसी भी पुरुष को शादी करने के लिए सक्षम मानता है, लेकिन सच कहा जाए तो, आप तब तक पति बनने के लायक नहीं हैं जब तक आप पूरी तरह से यह नहीं समझ लेते कि आखिर शादी होती क्या है?। आपकी बेहतरी के लिए, जिस महिला से आप शादी करने जा रहे हैं, और जिस समाज में आप अपने बच्चों का पालन-पोषण करेंगे। उनके लिए यहां जरूरी बातें हैं जिनके लिए आपको शादी के बंधन में बंधने का निर्णय लेने से पहले खुद की आवाज सुननी पड़ेगी।

दहेज की मांग हमेशा दुल्हन को 'प्रताड़ित' करके नहीं की जाती। अपनी मांगें रखने के और भी तरीके हैं और भारत में 'लड़के वाले' दहेज लेने को बड़े ही गर्व के साथ बताते हैं। भले ही लड़की का परिवार सहज लगे और अपनी बेटी की खातिर दहेज को 'उपहार' के रूप में देने को तैयार हो, बावजूद इसके आपको इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम उन धार्मिक और क्षेत्रीय रीति-रिवाजों से भी छुटकारा पाएं जो किसी भी तरह से दहेज प्रथा को बढ़ावा देते हैं। अगर आप अपने माता-पिता को दहेज लेने से नहीं रोकते हैं तो आप भी इस अपराध में पूरी तरह से भागीदार हैं।

भारतीय संस्कृति में यह बात इतनी गहराई से रच-बस गई है कि लड़की के माता-पिता ही शादी का सारा खर्च उठाएंगे; हममें से ज्यादातर लोगों को इस बात का एहसास तक नहीं है कि पहले से ही उन पर कितना दबाव होगा। सिर्फ इसलिए कि आप उनकी लड़की से शादी कर रहे हैं इसका मतलब यह नहीं है आपके दिखावे के लिए अपनी औकात से बढ़कर खर्चा कर दें। यह दहेज प्रथा की तरह ही एक सामाजिक बुराई है।

यदि आप चाहते हैं कि शादी बड़े स्तर पर हो तो आपको भी लड़की के माता-पिता के साथ आधा-आधा खर्च करना होगा, नहीं तो एक नॉर्मल से फंक्शन के लिए राजी हो जाएं।

समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए बहुत से लोग दिवालिया हो जाते हैं और अपनी सारी बचत अपनी शादी में खर्च कर देते हैं। आप खुद ही सोचिए क्या यह असल में सही है? अब, हम यह नहीं कह रहे हैं कि आपको जश्न नहीं मनाना चाहिए, लेकिन आपको अपनी कमाई को ध्यान में रखते हुए खर्च करना चाहिए। आपको जीवन में मेहनत से कमाए गए पैसे



के महत्व को जानना चाहिए। दूसरों को इम्प्रेस करने के लिए खर्च न करें; यह कभी भी पर्याप्त नहीं होगा। मगर हां, अगर आप अच्छा कमाते हैं और आगे आने वाली पीढ़ी के लिए आपके पास अच्छी खास सेविंग है तो आप खुलकर अपनी शादी पर खर्च कर सकते हैं। धूमधाम से जश्न मना सकते हैं लेकिन अगर आप एक युवा, स्व-निर्मित व्यक्ति हैं जो अपने माता-पिता की वित्तीय मदद नहीं लेना चाहते हैं, तो आप एक सादे, किफायती विवाह का विकल्प चुनें और बाकी पैसे अपने भविष्य के उपयोग के लिए बचा कर रखें।

यह शर्म की बात है कि हमारे देश में महिलाओं की न कुछ भी नहीं समझा जाता है। उस पर हावी होने में ही पुरुष खुद को मर्द समझते हैं। घरेलू या मौखिक दुर्व्यवहार और निश्चित रूप से वैवाहिक बलात्कार के लिए कोई बहाना नहीं है। शादी से पहले आपको अपनी पत्नी से वादा करना होगा कि आप कभी भी उसके साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार नहीं करेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। आपकी शादी आपको अपनी पत्नी के शरीर पर अधिकार नहीं देती। किसी भी तरह से अपने आप को उससे ऊपर न समझें और उस पर अपनी शक्ति का प्रयोग तो बिल्कुल न करें। उसकी हां और न बहुत मायने रखती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मौत के समय दीवालिया हो चुके थे माइकल, अदालत में हुआ खुलासा



माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे। वहीं लॉस एंजिल्स की अदालत ने एक दस्तावेज जारी करते हुए बताया कि अपने मृत्यु के समय गायक भयंकर रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। उनपर 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का बकाया था। गायक 25 जून 2009 को इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे।

माइकल जैक्सन की मौत 50 वर्ष की आयु में लंदन के विस्तारित 'दिस इज इट' रेजीडेंसी की तैयारी के दौरान मृत्यु हो गई थी। जो जुलाई 2009 से मार्च 2010 तक चलने वाली थी। लॉस एंजिल्स की अदालत के दस्तावेज के मुताबिक गायक की संपत्ति लेनदारों के अधीन हो चुकी थी। माइकल जैक्सन ने ऊंचे दरों पर ब्याज ले रखा था।

लॉस एंजिल्स टाइम्स ने बताया कि कोर्ट में प्रस्तुत किए गए दस्तवेजों में अकॉउंटेंट विलियम आर. एकरमैन ने अगस्त 2013 में गलत तरीके से मौत के मुकदमे में एईजी लाइव की ओर से बचाव किया था। एक गवाह के रूप में गवाही देते हुए उन्होंने जूरी सदस्यों को बताया कि जैक्सन ने दान, उपहार, यात्रा, कला के लिए पैसे खर्च किए थे। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया था कि गायक ने गहनों के ऊपर काफी पैसे खर्च किए थे।

माइकल जैक्सन की मृत्यु के बाद ही खबरें आनी शुरू हो गई थी कि वे भारी कर्ज में डूबे हुए थे। कहा जा रहा था कि कर्ज चुकाने के लिए उनकी लंदन की प्रॉपर्टी की नीलामी की जाएगी। कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है जब माइकल

### टॉलीवुड

## 'गुड बैड अग्ली' का नया पोस्टर जारी, धधकती बंदूकों के बीच राउडी अंदाज में दिखे अजित



साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अभिनेता पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हाल ही में फिल्म से अजित का पहला लुक सामने आया था, जिसमें वे माफिया डॉन के किरदार में नजर आए थे। वहीं, अब फिल्म का नया पोस्टर जारी हो चुका है, जिसमें अजित का नया अवतार देखने को मिला। 'गुड बैड अग्ली' से अजित कुमार का दूसरा लुक पोस्टर अब सामने आ गया है। कैदी की पोशाक में अजित पृष्ठभूमि में धधकती बंदूकों के बीच खड़े हैं। फिल्म का पहला लुक मई में जारी किया गया था। 2023 में 'थुनिवु' के बाद अजित कुमार अगली बार 'गुड बैड अग्ली' में नजर आएंगे। साउथ स्टार अपने प्रचारक सुरेश चंद्रा द्वारा साझा किए गए दूसरे लुक पोस्टर में शानदार दिख रहे हैं। पोस्टर पर 'गॉड ब्लेस यू मामा' लिखा हुआ था। इसे साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'गुड बैड अग्ली का दूसरा लुक। भगवान आपका भला करे मामा। गुड बैड अग्ली सिनेमाघरों में पोंगल 2025।' 'गुड बैड अग्ली' के नए पोस्टर में अजित जेल के कैदी के रूप में नजर आ रहे हैं, उनके कपड़ों पर कैदी नंबर 63 का टैग है। वहीं फर्स्ट लुक पोस्टर में अजित कुमार रंगीन शर्ट पहने हुए नजर आ रहे थे। उनके हाथ पर टैटू बना हुआ था और उनके सामने बंदूकें रखी हुई थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। अजित के तीन किरदार फिल्म के नाम 'गुड बैड अग्ली' को दिखाएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित एक नकारात्मक किरदार भी निभा सकते हैं। वहीं उनके एक किरदार काले बाल वाले युवा का होगा।

### भोजपुरी

## 'शहनाई' में पारिवारिक मनोरंजन के साथ होगा इमोशन का तड़का



भोजपूरी फिल्म 'शहनाई' की शूटिंग मुहुर्त के साथ उत्तर प्रदेश के आजमगढ में शुरू हुई। सूरज गिरी के डायरेक्शन में बन रही है यह पारिवारिक फिल्म भावनात्मक रूप से दर्शकों को प्रभावित करेगी, ऐसा फिल्म यूनिट का दावा है। फिल्म के निर्माता गिरिराज सिंह एवं प्रशांत सिंह है। मुख्य कलाकार राजू सिंह एवं श्रुति राव है। इसके अलावा माही जी, जय प्रकाश सिंह, अपर्णा मलिक और कमेडियन साहब लालधारी सिंह भी नजर आएंगे। सहायक निर्देशक के रूप में समीर इनाम अली एवं अजीत सरसोलाल और मुस्कान है। जबकि स्टोरी, स्क्रीन प्ले और डायलॉग मनी भारती का है। इसके मेकपमैन जहां प्रकाश जैसवाल है, वहीं पूरे फिल्म को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य जाने माने कैमरामैन प्रमोद पाण्डेय कर रहे है।

## लाइफ स्टाइल

### बारिश का एहसास



लंदन के हाइड पार्क में फैशन वीक में थीम बारिश की थी लेकिन यहां बारिश नहीं हो रही थी। सिर्फ बारिश का एहसास था। यह एहसास कृत्रिम बारिश के जरिए पैदा किया गया। शो शुरू होते ही, टेंट की छत पर कृत्रिम बारिश शुरू हो गई। सारे मॉडल्स बेहद साजवटी छाते पकड़े हुए बाहर निकले, जो बरबेरी कलेक्शन की शानदार एक्सेसरीज, अनूठे रेनकोट और ट्रेंच की याद दिला रहे थे।

## इन चीजों के इस्तेमाल से छुड़ाएं नेल पॉलिश

सोचिए अगर आपको अर्जेंट कहीं जाना हो और नेल रिमूवर खत्म हो जाए तो आप क्या करेंगी। इसके परेशानी के चलते आपको कुछ ऐसी घरेलू चीजों के बारे में जानना चाहिए, जिनका इस्तेमाल आप नेल रिमूवर की जगह कर सकती हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको तुरंत बाजार नहीं जाना पड़ेगा।



### गर्म पानी

नेल रिमूवर खत्म होने के बावजूद आप सिर्फ गर्म पानी के इस्तेमाल से भी नेल पॉलिश हटा सकती हैं। इसके लिए आपको बस अपने नाखूनों को गर्म पानी में डूबो कर रखना है। कुछ देर गर्म पानी में नाखूनों को डुबो कर रखने के बाद रुई की मदद से नेल पॉलिश को साफ करें।

### सिरका और नींबू

हर घर में सिरका और नींबू तो मिल ही जाता है, जिसका इस्तेमाल आप क्लींजर के रूप में कर सकती हैं। इसके लिए बस एक कटोरी में सिरका लेकर उसमें नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं और इसमें नाखूनों को डुबो कर रखें। इसके बाद आप रुई की मदद से नेल पेंट को हटा सकती हैं।

### टूथपेस्ट

हर घर में मौजूद टूथपेस्ट दांतों को चमकाने के साथ-साथ नेल पॉलिश हटाने में भी काम आता है। इसके लिए आपको टूथपेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाकर रुई की मदद से धीरे-धीरे रगड़ना है। इससे आपके नाखून अच्छे से साफ हो जाएंगे।

### दूसरी नेल पॉलिश

ये सुनने में अजीब लगेगा लेकिन आप अगर अपने नाखूनों से नेल पॉलिश को हटाना चाहती हैं, तो इसके लिए आप दूसरी नेल पॉलिश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए बस अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश का एक कोट लगाना है, और उसके बाद नेल पॉलिश को पेपर टॉवल से तुरंत साफ करे लें।

## ऑफिस में बिखेरना है जलवा, चुनें ऐसे कपड़े



फैशन

अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है और आप कपड़ों को लेकर संशय में हैं तो अपना संशय दूर करें। आप पार्टी में तैयार होने के लिए कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स पर नजर डाल सकती हैं। इस अभिनेत्रियों से टिप्स लेकर आप आउटफिट की खरीदारी कर सकती हैं।

**जमसूट_** अगर पार्टी में बॉस लेडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का जमसूट कैरी करें। ये आपको खूबसूरत के साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इस लुक के साथ आप हिना खान के जैसी ही पोनीटेल भी बना सकती हैं।

**सीक्विन को-ऑर्ड सेट:** रात की पार्टी मे अगर कुछ शिमरी पहनना चाहती हैं तो ऐसे सीक्विन फैब्रिक का ऐसा को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप अगर थोड़ा डार्क मेकअप करेंगी तो भी आपका लुक प्यारा दिखेगा। इसके साथ भी हील्स ही कैरी करें, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।



**बार्बी ड्रेस:** अगर क्यूट दिखना चाहती हैं तो ऐसी बार्बी लुक वाली ड्रेस को आप पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखें और बालों को खुला रख के उसपर बो क्लिप लगाएं। ये लुक भी पार्टी के लिए परफेक्ट रहेगा।


**शॉर्ट ड्रेस:** अगर ग्लैरमस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो इस तरह की शॉर्ट ड्रेस को अपने कलेक्शन में शामिल करें। अगर आप ऐसी ड्रेस पहनकर पार्टी में जाएंगी तो लोग आपको पलट-पलट कर देखे बिना रह नहीं पाएंगे। इसके साथ हील्स जरूर पहनें और बालों को तो जरूर खुला ही रखें।

**बॉडीकॉन गाउन:** पार्टी में लड़कियों को बॉडीकॉन गाउन पहनना काफी पसंद है। ऐसे में अगर आप चाहें तो इस तरह के प्रिंट वाले गाउन को अपने कलेक्शन में शामिल करें। इस तरह का गाउन देखने में भी काफी प्यारा लगता है।

**साड़ी:** साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप सादगी के साथ-साथ ग्लैमरस अंदाज में भी पहन सकती हैं। अगर ऑफिस की पार्टी रात को है, तो आप डार्क रंग की साड़ी को स्टाइलिश ब्लाउज के साथ पहनकर पार्टी में जा सकती हैं। इसके साथ अपना मेकअप थोड़ा ध्यान से करें। अगर आपको लाइट रंग पसंद है तो आप पार्टी में हल्के रंग की साड़ी भी कैरी कर सकती है।

## मानसून सीजन में होंठों पर अच्छे लगेंगे ये लिक्विड लिपस्टिक शेड्स

जब भी हम कहीं बाहर जाने के लिए तैयार होते हैं, तो उसके लिए सबसे पहले मेकअप करते हैं। इसके लिए हम आउटफिट के हिसाब से अपने मेकअप लुक को क्रिएट करते हैं। लेकिन मेकअप पूरा करने के लिए जरूरी है कि आप लिपस्टिक के सही शेड का ध्यान रखें। इससे लुक अच्छा लगेगा।



### पिंक शेड लिक्विड लिपस्टिक

अगर आप न्यूड शेड्स वाली लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड लिपस्टिक शेड को अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग लिपस्टिक के शेड्स मिल जाएंगे, जिसे आप किसी भी कलर की ड्रेस के साथ अप्लाई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक लगाने के बाद आपको कोई ग्लॉस लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इसे आप रोजाना अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं।

### ब्राउन शेड लिक्विड लिपस्टिक करें ट्राई

अगर आप ब्राउन शेड लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप ब्राउन लिपस्टिक के अलग-अलग शेड्स को ट्राई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक में काफी अच्छे कलर मिल जाएंगे, जो होठों पर लगने के बाद अच्छे लगेंगे। इसके लिए आप लाइट से लेकर डार्क हर कलर की लिपस्टिक ले सकती हैं। मानसून मेकअप लुक के लिए यह अच्छी लगेगी। इस लिपस्टिक कलर को आप ऑफिस में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक सिंपल और एलीगेंट लगेगा।

आप अपने लिप्स पर डार्क कलर वाली लिपस्टिक को भी ट्राई कर सकती हैं। यह लिपस्टिक भी लगाने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही इससे लुक अच्छा लगेगा।

## दुल्हन की मां पर अच्छी लगेंगी ये ज्वेलरी शादी में पहनने के लिए देखें डिजाइंस

बेटी की शादी मां के लिए खास होती है। इसलिए वो भी इस दिन का बेसब्री से इंतजार करती है। इसी वजह से वो अपनी बेटी और अपने लिए हर चीज खास होती है।

### साड़ी के साथ पहनें गोल्डन टेंपल ज्वेलरी

कई सारी मां ऐसी होती हैं, जो साड़ी पहनना काफी पसंद करती हैं। यही वजह है कि वो अपनी बेटी की शादी में भी अलग और अच्छी डिजाइन की साड़ी खरीदकर उसे स्टाइल करती हैं। लेकिन इस हैवी साड़ी लुक को कंप्लीट करने के लिए ज्वेलरी भी जरूरी है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए गोल्डन कलर की टेंपल ज्वेलरी को खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी हर साड़ी के साथ अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इसमें आप लॉन्ग नेकलेस सेट भी खरीद सकती हैं। साथ ही, चाहें तो चोकर सेट ले सकती हैं।

### लहंगे के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आप लहंगा पहन रही हैं, तो इसके साथ आप स्टोन पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, आपके लुक को ज्यादा हैवी टच नहीं देगी। इसमें आप चोकर सेट की जगह लॉन्ग नेकलेस सेट को वियर करें, जो पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इससे आपका लुक भी सबसे अलग लगेगा।



### स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट करें वियर

बेटी की शादी में सुंदर दिखने के लिए आप स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट को साड़ी और लहंगा दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे सेट में स्टोन वर्क मिलेगा। वहीं नीचे की तरफ की लटकन में पर्ल का डिजाइन मिलेगा। इयररिंग्स भी थोड़े लंबे मिलेंगे। इससे आपका पूरा सेट और लुक दोनों अच्छे लगेंगे।

### कार्नर न्यूज

### कॉकटेल पार्टी का इनविटेशन आया है तो कपड़े चुनें जतन से

## कॉकटेल के लिए कैसे हों तैयार कि आप बन जाएं पार्टी की शान

*ये वो टिप्स हैं जो कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में आपकी पूरी मदद करेंगे। आप इन कपड़ों में परफेक्ट दिखेंगे और पार्टी की शान बन जाएंगे। इस बात की गारंटी है। कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे होने चाहिए कपड़े, जानते हैं- कॉकटेल अटायर आम तौर पर कॉकटेल पार्टी, शाम के इवेंट, रिसेप्शन और डिनर डेट पर पहनते हैं।*



### `फैब्रिक के बारे में सोचिए

वेलवेट और सिल्क जैसे फैब्रिक कॉकटेल पार्टी में अच्छे लगते हैं। इस पर कुछ खास तरह के चेक हों तो और अच्छा है।

### कैजुअल पहन सकते हैं लेकिन खास तरह से

कॉकटेल पार्टी में पूरी तरह से फॉर्मल कपड़े ही पहनने होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि कैजुअल पहनेंगे तो दिक्कत होगी। बस इसे खास तरह से पहनना होगा। जैसे आप टीशर्ट पहन सकते हैं लेकिन कोट के अंदर। डेनिम को भी इसी तरह ड्रेस में शामिल किया जा सकता है।

### कलर का रखें ध्यान

ज्यादातर बार कॉकटेल पार्टी के लिए रंग का इनविटेशन में ही बता दिया जाता है। लेकिन फिर भी आपको रंग का इस्तेमाल करना ना समझ आए तो आप उन रंगों को एसेसरीज में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको कपड़ों के रंग भी गहरे और थोड़े रिच ही चुनने होंगे। मिडनाइट ब्लू भी एक अच्छा ऑप्शन होता है, इस कलर में फोटो भी अच्छी आती है। आप अंदर सफ़ेद टी शर्ट भी पहन सकते हैं। ये लुक तेज रोशनी में बहुत अच्छा लगेगा।

### साफ-सफाई है जरूरी

आपने कितने भी अच्छे कपड़े पहने हों लेकिन आपने इनकी साफ-साफी अपर ध्यान नहीं दिया है तो आपकी साड़ी मेहनत बेकार ही जाएगी। इसलिए कड़े वही चुनें जो साफ़ हों और जिनमें अच्छे से क्रीज बनी हो।